RNI No. DELHIN/2008/23928

LKS

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 21 फरवरी 2025

RNI NO.: DELHIN / 2008 / 23928

www.loktantrakishaan.com

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

समाचार

विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के उम्मीदवार

नूना न्यूज एजेंसी।

रोहिणी। से विधायक विजेंद्र गुप्ता को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार नामित किया गया है। पार्टी नेताओं ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। गुप्ता ने पार्टी द्वारा उन्हें विधानसभा के अध्यक्ष पक्ष के लिए नामित किए जाने की पुष्टि करते हुए पीटीआई-भाषा से कहा, मैं सबसे पहले उन कैग (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक) रिपोर्ट को सदन में पेश करूंगा, जिन्हें पिछली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने लंबित रखा था। रोहिणी से तीसरी बार विधायक चुने गए सिंह ने अन्य भाजपा विधायकों के साथ मिलकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था और आरोप लगाया था कि पूर्ववर्ती आप सरकार अपने प्रदर्शन पर कैग की 14 रिपोर्ट को विधानसभा में पेश किए जाने से रोक रही है। नवगठित आठवीं दिल्ली विधानसभा में भाजपा के 48 विधायक हैं, जबकि विपक्षी आप के 22 विधायक हैं। विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव सदन के सदस्यों द्वारा किया जाता है।

कोच्चि हवाई अड्डे पर बम की टिप्पणी करने पर यात्री हिरासत में लिया गया

नूना न्यूज एजेंसी।

कोच्चि। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री ने मजाकिया अंदाज में बैग में बम होने की बात कही जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। हवाई अड्डा पर सुरक्षा अधिकारियों ने कोझिकोड निवासी राशिद को बुधवार रात करीब 11:30 बजे हुई इस घटना के बाद नेदुम्बस्सेरी पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, कोच्चि से कुआलालंपुर जाने वाली उड़ान में सवार होने की प्रक्रिया पूरी करने के बाद सुरक्षा अधिकारी ने राशिद से उसके सामान के वजन के बारे में पूछा। इस पर उसने मजाक में कहा कि उसमें बम है जिसके बाद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि राशिद के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और बाद में उसे रिहा कर दिया गया।

केरल के मुन्नार में बस पलटने से तमिलनाडु के तीन छात्रों की मौत

केरल। के मट्टुपेट्टी के इको प्वाइंट पर एक बस के पलट जाने से उसमें मौजूद तमिलनाडु की दो लड़कियों सहित तीन छात्रों की मौत हो गई जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान आदिका (19), वेनिका (19) और सुथन (19) के रूप में हुई है। ये सभी पड़ोसी राज्य के कन्याकुमारी जिले के नागरकोइल स्थित स्कॉट क्रिश्चियन कॉलेज में पढ़ते थे।

रेखा गुप्ता ने दिल्ली की चौथी महिला सीएम के तौर पर ली शपथ

पीएम मोदी-अमित शाह मौजूद

नूना न्यूज एजेंसी।

नई दिल्ली। शालीमार बाग से पहली बार भाजपा विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बीजेपी 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में लौटी है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद वह अब दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। 50 वर्षीय गुप्ता ने 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपनी आम आदमी पार्टी (आप) प्रतिद्वंद्वी बंदना कुमारी के खिलाफ 29,000 से अधिक वोट हासिल करके शालीमार बाग सीट जीती। काम ही पहचान (मेरा काम ही मेरी पहचान है), एक टैगलाइन है जिसे वह अपनी वेबसाइट पर अपने अभियानों के लिए उपयोग करती है। मनोनीत मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा द्वारा उन्हें इस पद के लिए चुना जाना प्रधानमंत्री के महिला सशक्तीकरण के दृष्टिकोण को दशार्ता है। उन्होंने गुरुवार सुबह कहा महिलाओं के प्रति पीएम मोदी के दृष्टिकोण और सकारात्मकता ने इसे संभव बनाया है। इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए एक मध्यम वर्ग की महिला को चुनना एक बड़ा निर्णय है, और मैं मुझ पर विश्वास करने के लिए शीर्ष नेतृत्व को गहराई से धन्यवाद देती हूं। उन्होंने मुझे यह बड़ी जिम्मेदारी दी है, और मैं इसे समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

दिल्ली की किस्मत 'रेखा' से एनसीआर की अपेक्षाएं

उनके मंत्रिपरिषद में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, पंकज सिंह, मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा और रविंदर इंद्राज शामिल हैं, जो रामलीला मैदान में मेगा समारोह में शपथ लेंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य शीर्ष भाजपा नेता इस समारोह में पार्टी के मेगा शक्ति प्रदर्शन के रूप में भाग ले रहे हैं क्योंकि यह लगभग तीन दशकों के बाद सत्ता में लौटी है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद एनडीए गठबंधन की एक अहम बैठक भी होगी जिसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे।

जाली नोटों का आतंकी कनेक्शन, बिहार, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना में एनआईए की रेड

दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नेपाल से संचालित नकली भारतीय मुद्रा रैकेट की जांच के लिए बुधवार को तीन राज्यों में कई स्थानों पर तलाशी ली। यह तलाशी बिहार में उच्च गुणवत्ता वाले नकली भारतीय मुद्रा नोटों (एफआईसीएन) की जब्ती के संबंध में पिछले साल दर्ज एक मामले की एनआईए की जांच के हिस्से के रूप में की गई थी।

बिहार, जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना में सर्च ऑपरेशन

एनआईए ने कहा कि नकली मुद्रा रैकेट की जांच के तहत बिहार में पांच स्थानों और जम्मू-कश्मीर और तेलंगाना में एक-एक स्थान पर व्यापक तलाशी ली गई। यह रैकेट कथित तौर पर नेपाल के आरोपियों और संदिग्धों द्वारा क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करके संचालित किया गया था। इसमें कहा गया कि एनआईए की टीमों ने बिहार के पटना, भागलपुर, भोजपुर और मोतिहारी जिलों, जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले और हैदराबाद, तेलंगाना में संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली। बयान में कहा गया तलाशी के दौरान पेन ड्राइव, मोबाइल फोन, सिम कार्ड आदि सहित डिजिटल उपकरणों के साथ 1,49,400 रुपये की नकदी जब्त की गई। टीम ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज भी बरामद किए। मामला तीन आरोपियों- मोहम्मद नजर सद्दाम (भागलपुर), मोहम्मद वारिस (भोजपुर) और जाकिर हुसैन (पटना) से 1.95 लाख रुपये के नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन) की जब्ती से संबंधित है। तीनों को स्थानीय पुलिस ने 5 सितंबर, 2024 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद, एक अन्य आरोपी मुजफ्फर अहमद वानी उर्फ सरफराज को अनंतनाग, जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया गया था।

ज्वलंत मुद्दा
सम्पादकीय

भागवत की हिन्दू एकता से ही विश्वगुरु बन सकेंगे

हिंदू एकता ही समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति, सद्भाव और प्रगति को सुनिश्चित करती है। साथ ही, यह राष्ट्र की सुरक्षा और विकास के लिए भी जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को हिंदू समाज को एकजुट करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह देश का जिम्मेदार समाज है जो मानता है कि एकता में ही विविधता समाहित है। भागवत का हिन्दू एकता पर जोर देना न केवल प्रासंगिक है बल्कि यह समय की जरूरत है। क्योंकि लम्बे समय से हिन्दू समाज को तोड़ने की कोशिशों, पडोसी देशों के हिन्दू-विरोधी साजिशों एवं षड़यंत्रों के कारण हिन्दू समाज को संगठित करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से राष्ट्र-पुरोधा मोहन भागवत का आह्वान एक शक्ति देता है जिसकी रोशनी एक समूची परंपरा एवं संस्कृति को उद्भासित होने का अवसर मिल रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास में कुछ ऐसे विरल सरसंघचालक हुए हैं, संघ के सरसंचालकों की समृद्ध एवं शालीन परंपरा में वर्तमान का बहुचर्चित नाम है मोहन भागवत। उनकी विरलता या महत्ता के प्रमुख मानक हैं- सशक्त राष्ट्रीयता, हिन्दुत्व और लोकहितकारी प्रवृत्तियां। इन तीन सोपानों के आधार पर वे महत्ता के ऊंचे शिखर पर आरूढ़ हो गए। उन्होंने हिंदुत्व की नयी व्याख्याएं दी हैं और उनका ताजा उद्बोधन हिन्दू एकता की नई व्याख्या करते हुए न केवल देश को मजबूत बना रहा है बल्कि भारत को विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर कर रहा है। हिन्दू एकता से ही विश्वशान्ति, विश्वसमृध्दि, विश्वसमन्वय और विश्वएकता संभव। हिन्दू एकता का किसी से विरोध नहीं है। यह सवेर्षां अविरोधेन है। हिन्दू के लिए सारा विश्व एक कुटुम्ब है। हिन्दू वसुधैव कुटुम्बकम को मानता है। भारत को यदि पड़ोसी शत्रुओं के हाथ में जाने से बचाना है, इस्लामी जेहादी आतंकवादियों से देश की रक्षा करनी है, इस गृहयुद्ध से देश बचाना है, भारत को अखण्ड और एकात्म रखना है तो इसके लिए हिन्दू एकता अत्यावश्यक है। हिन्दू एकता में न केवल देश का बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति का हित समाया हुआ है।

SYED ZAKI HAIDER
(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

पंजाब के पास किसी भी राज्य को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं : मुख्यमंत्री मान

नूना न्यूज एजेंसी।

पंजाब। के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य के पास किसी भी प्रदेश को देने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं है। मान ने पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के बीच नदी जल विवादों के निपटारे के लिए गठित रावी ब्यास जल अधिकरण के समक्ष यह बात कही। अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विनीत सरन, सदस्यों न्यायमूर्ति पी. नवीन राव और न्यायमूर्ति सुमन श्याम तथा रजिस्ट्रार रीता चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं है और किसी के साथ पानी की एक बूंद भी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मान ने कहा कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य के साथ साझा करने के लिए कोई अतिरिक्त पानी नहीं है और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने अधिकरण के सदस्यों से राज्य के लोगों को न्याय दिलाने का भी आग्रह किया। अधिकरण के सदस्य रावी जल प्रणाली के दौरे के लिए पंजाब में हैं। मान ने बताया कि पंजाब के 76.5 प्रतिशत ब्लॉक (153 में से 117) अत्यधिक दोहन वाले हैं, जहां भूजल निकासी का स्तर 100 प्रतिशत से अधिक है, जबकि हरियाणा में केवल 61.5 प्रतिशत ब्लॉक (143 में से 88) अत्यधिक दोहन वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि राज्य में अधिकतर नदी जल संसाधन सूख चुके हैं, इसलिए उसे अपनी सिंचाई जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता है। मान ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर है कि पंजाब के पास बहुत कम पानी है, जिसे वह सिर्फ अपने खाद्य उत्पादकों को दे पा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में किसी अन्य राज्य के साथ पानी की एक बूंद भी साझा करने का सवाल ही नहीं उठता।

दुबई जाने वाला बिमान बांग्लादेश एयरलाइन का विमान नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरा

नूना न्यूज एजेंसी।

ढाका। से दुबई जा रहे बिमान बांग्लादेश एयरलाइंस के विमान को महाराष्ट्र के नागपुर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारा गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विमान में 396 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। नागपुर हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि तकनीकी समस्याओं के कारण बुधवार मध्यरात्रि को विमान का मार्ग बदल दिया गया और उसे आपात स्थिति में उतारना पड़ा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि विमान में 396 यात्री और चालक दल के 12 सदस्य सवार थे। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बाद में कंपनी के दूसरे विमान से ले जाया जाएगा।

योगी सरकार ने पेश किया 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ का बजट

छात्राओं को फ्री में मिलेगी स्कूटी

नूना न्यूज एजेंसी।

दिल्ली। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के बजट का आकार 8,08,736 लाख रुपये, जो पिछले बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने बताया कि राज्य के वित्त वर्ष 2025-26 बजट में 22 प्रतिशत राशि अवस्थापना विकास के लिए, शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत, कृषि व संबद्ध सेवाओं के लिए 11 प्रतिशत, चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र के लिए छह प्रतिशत, सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के लिए चार प्रतिशत राशि आवंटित की गई। यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी उपलब्ध कराने के लिए 400 करोड़ रुपये के प्रावधान की घोषणा की। बजट में सरकार का मुख्य फोकस रिसर्च एंड डेवलपमेंट के साथ-साथ आईटी पर भी है। कन्या विवाह सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिकों की दो पुत्रियों को अंतजार्तीय विवाह करने पर 55,000 रुपये तथा अंतजार्तीय

विवाह करने पर 61,000 रुपये देने का प्रावधान है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 49.86 लाख स्मार्टफोन/टैबलेट दिए गए हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु 225 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। पीएम मित्र योजना के तहत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना से संबंधित खर्च के लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित है। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में हुए विकास का उल्लेख करते हुए की। उन्होंने महाकुंभ का जिक्र करते हुए इसे न केवल एक सांस्कृतिक तथा धार्मिक आयोजन बताया, बल्कि इसे भारत की प्राचीन आस्था व सांस्कृतिक अखंडता का प्रतीक करार दिया। खन्ना ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए कुल बजट परिव्यय वित्त वर्ष 2025 के बजट परिव्यय से 9.8 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के बजट का आकार 7,36,437 करोड़ रुपये था जिसमें 24,863.57 करोड़ रुपये की नई योजनाएं शामिल थीं। वित्त मंत्री ने आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी के निर्माण और टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रान्सलेशन पार्क की स्थापना की नई योजनाओं की भी घोषणा की। राज्य के बजट में विधानसभा के आधुनिकीकरण के साथ-साथ विद्यालयों तथा पॉलिटेक्निक में स्मार्ट कक्षाओं और प्रयोगशालाओं के विकास का भी प्रावधान है। खन्ना ने बताया कि प्रदेश के 58 नगर निकायों को आदर्श स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकसित करने का काम जारी है। इसके लिए एक नगर निकाय के लिए 2.50 करोड़ रुपये यानी कुल 145 करोड़ रुपये का प्रावधान प्रस्तावित किया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों में कामगारों/श्रमिकों के लिए शिविर बनाने की योजना पर काम किया जाएगा, जिसमें कैंटीन, पेयजल, स्नानघर व शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

एकनाथ शिंदे को मिली बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई पुलिस ने शुरू की जांच

नूना न्यूज एजेंसी।

महाराष्ट्र। के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। एक अज्ञात प्रेषक ने कथित तौर पर उनके वाहन को उड़ाने की धमकी दी है। मुंबई पुलिस ने ईमेल के पीछे वाले व्यक्ति का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धमकी भरा ईमेल गोरेगांव पुलिस स्टेशन, मंत्रालय (राज्य सचिवालय) और जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन सहित कई स्थानों पर भेजा गया था। संदेश में शिंदे के वाहन पर संभावित बम हमले की चेतावनी दी गई, जिससे सुरक्षा चिंताएं बढ़ गईं। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ईमेल एक धोखा हो सकता है, लेकिन अधिकारी कोई जोखिम नहीं उठा रहे हैं। मुंबई पुलिस साइबर सेल और खुफिया टीमें ईमेल के आईपी पते और स्रोत का पता लगाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। धमकी के जवाब में, एकनाथ शिंदे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है, अतिरिक्त पुलिस तैनाती और निगरानी उपाय किए गए हैं। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि धमकी की विश्वसनीयता निर्धारित करने और भेजने वाले की पहचान करने के लिए गहन जांच चल रही है।

मुंबई पुलिस ने जनता से सतर्क रहने और संदिग्ध की तलाश जारी रखते हुए किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने का आग्रह किया है। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच कई मुद्दों पर मतभेद बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिनमें संरक्षक मंत्री की नियुक्ति से लेकर अलग-अलग समीक्षा बैठकें करना शामिल है। भाजपा के नेतृत्व वाले तीन दलों के गठबंधन महायुति ने तीन महीने पहले महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतकर सरकार बनाई थी। हालांकि दोनों के बीच मतभेद की अटकलों पर विराम लगाने के लिए कोई भी स्पष्टीकरण या दावा नाकाफी साबित हो रहा है।

नोएडा : पुलिस जांच के दौरान बदमाशों ने चलाई गोली, जवाबी कार्रवाई में दो घायल

नोएडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस ने, बीती रात को जांच के दौरान बदमाशों के गोली चलाने के बाद जवाबी कार्रवाई की जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से चोरी के जेवरात, अवैध हथियार तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) रामबदन सिंह ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस बुधवार को देर रात डीएलएफ माल के शौचालय के पास चेकिंग कर रही थी तभी सामने से बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों को पुलिस ने रूकने का इशारा किया लेकिन वे भागने लगे। उन्होंने बताया कि संदेह के आधार पर पुलिस ने उनका पीछा किया। सिंह ने बताया कि बदमाश सेक्टर 18 की मल्टी लेवल कार पार्किंग के पास झाड़ियों में बाइक खड़ी करके छिप गए, तथा पुलिस पर गोली चलाने लगे। उन्होंने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश शहजाद उर्फ शाहिद(27 वर्ष) पुत्र यामीन तथा शाकिर अहमद (38 वर्ष) पुत्र नईम पैर में गोली लगने से घायल हो गए।

राहुल गांधी दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे

नई दिल्ली, 20 फरवरी वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। अपने दौरे के पहले दिन गुरुवार सुबह राहुल गांधी ने चुरवा हनुमान मंदिर में हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत वह बछरावां में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे। उन्होंने क्षेत्र के दलित युवाओं के साथ चर्चा की और महिला सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात कर उनसे क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भी वार्ता की। शंकरपुर में महान स्वतंत्रता सेनानी राणा बेनी माधव सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद राहुल गांधी ने विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने 1857 की क्रांति में राणा बेनी माधव सिंह एवं वीरा पासी के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी, बलिदान दिया, जेल गए। आजादी की लड़ाई का नतीजा हमारा संविधान है और वह हिंदुस्तान की जनता की आवाज है; देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और छोटे व्यापारियों की आवाज है। लेकिन आज मोदी सरकार के लोग संविधान पर हमला कर रहे हैं। उसे बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों के कारण देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल पा रहा है और केवल कुछ अरबपतियों को ही फायदा पहुंचाया जा रहा है। नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू करके छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। ये नीतियां सिर्फ नरेंद्र मोदी की नहीं थीं। यह नीतियां उन्होंने अरबपतियों के साथ मिलकर बनाई थीं, ताकि छोटे और मध्यम व्यापारियों, किसानों को खत्म किया जा सके। इसका नतीजा ये हुआ कि आज युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने अरबपतियों के करोड़ों के कर्ज माफ कर दिए, लेकिन गरीबों के लिए कोई राहत नहीं दी। उन्होंने यह भी कहा कि आज देश की संपत्ति जैसे एयरपोर्ट, पोर्ट, इंफ्रास्ट्रक्चर, कोल, रेलवे सब अडानी-अंबानी जैसे अरबपतियों को बेची जा रही है। कांग्रेस पार्टी इन्हें बचाने के लिए लड़ रही है।

प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपना प्रथम वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया एक

राजू बोहरा

नई दिल्ली। हाल ही दिल्ली के फतेहपुर बेरी स्थित प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने अपना पहला एक वर्ष पूरा करने पर वार्षिक समारोह धूमधाम से हाल ही बनाया। प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं में सेवाएं प्रदान करता है, जिनमें सभी तरह के जरुरी इलाज शामिल हैं। पिछले एक वर्ष के सफर में प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की पूरी टीम सभी डॉक्टरों और अन्य सभी स्टाफ ने अपनी सेवाओं के माध्यम से लोगों की सेहत और जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विजेंद्र शर्मा और उनकी टीम ने इसे मानव सेवा मानकर पूरे वर्ष में जितने भी मरीज इस हॉस्पिटल में अपना इलाज करने आये है उनका कम से कम पैसों में बेहतर इलाज देने की कोशिश की है। यहाँ सभी प्रकार के चिकित्सा विशेषज्ञ उपलब्ध है। प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की यह उपलब्धि लोगों की सेहत और जीवन को बेहतर बनाने में इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विजेंद्र शर्मा और उनकी टीम में डॉ. वीजीआर शास्त्री सेवानिवृत्त पीएम हाउस, डॉ. संचिता सिंह बाल रोग विशेषज्ञ (बच्चों की डॉक्टर), डॉ. श्वेता दुआ विनायक (नेत्र विशेषज्ञ), डॉ मयूर आनंद (आँखों), डॉ ऋषभ बंसल (आँखों) डॉ हिना कोसर (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. मीनू भागिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. रीता ढींगरा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. अक्षय शर्मा मेडिसिन विभाग और शिवम एचआर प्रमुख जैसे प्रतिष्ठित नाम शामिल है। प्रयास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ विजेंद्र शर्मा पूर्व में बॉलीवुड फिल्म एवं टीवी अभिनेता रह चुके है और बॉलीवुड की कोई हिंदी फिल्मो और टीवी शोज में अभिनय कर चुके है। वह अब अपने हॉस्पिटल के माध्यम से तो मानव सेवा कर ही रहे है साथ ही कई सामाजिक संस्थाओ से जुकर भी मानव सेवा कर रहे है। पिछले ही दिनों आर्ट क्रिएशन्स कल्चरल सोसाइटी के 'इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर' में आयोजित एक संगीतमय देश भक्ति कार्यक्रम संकलन 3- एक शाम देश के नाम' में डॉ. विजेंद्र शर्मा को संयुक्त पुलिस आयुक्त विजय सिंह ने सम्मानित किया था।

लोकतंत्र की शान

द ट्रिब्यून की इस खबर के अनुसार चीन, अरुणाचल प्रदेश के विवादित LAC क्षेत्र में 90 नये गांव बसा रहा है। वह भारत की सीमा पर अब तक 628 गांव बसा चुका है।

दिल्ली। इससे पहले भी खबरों में आया था कि चीन, भारतीय सीमा में लगातार घुसपैठ कर रहा है। हमारी जमीन कब्जा करने के अलावा वह अतिक्रमण करके बड़े-बड़े बांध, सड़कें, पुल, मिलिट्री बेस, बंकर वगैरह का निर्माण कर रहा है। लद्दाख क्षेत्र में 2 नए प्रांत बसा दिए। अरुणाचल में 90 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर दावा कर रहा है। दर्जनों जगहों के नाम बदल दिए। चीन के सवाल पर मोदी जी या तो मौन साधे रहते हैं या फिर चीन को 'क्लीनचिट' दे देते हैं कि - "न कोई घुस आया है, न कोई घुसा हुआ है..." देश की जनता जानना चाहती है कि प्रधानमंत्री जी देश की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता से समझौता करके चीन के आगे नतमस्तक क्यों हैं?

मुख्यमंत्री दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने श्रीमती रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई

जयपुर, 20 फरवरी। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने श्रीमती रेखा गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

आधी रात को आश्रम में घुसे लोग ताले तोड़कर की मारपीट, प्रशासन से सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग

नई दिल्ली, फरवरी : वृंदावन के संत वृद्ध आश्रम में जबरन घुसने और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। यह आश्रम छठी कला रोड पर प्रेम मंदिर के पास स्थित है। आश्रम संचालक चरणजीत मल्होत्रा ने बताया कि 18 फरवरी को रात 12:50 बजे सेवादार विष्णु शर्मा ने फोन कर सूचना दी कि कुछ अज्ञात लोग जबरदस्ती अंदर घुसने की कोशिश कर रहे हैं। मल्होत्रा के अनुसार, जब उन्होंने फोन पर इसे बात करने की कोशिश की, तो पहले इनकार किया गया, फिर सरकारी पद का रौब दिखाते हुए बदतमीजी की गई। थोड़ी देर बाद करीब 15-16 लोग जबरन आश्रम में घुस आए, ताले तोड़ दिए और सेवादार से मारपीट की। आरोप है कि उन्होंने सेवादार का मोबाइल भी छीन लिया और धमकी दी कि अगर डीएम के खिलाफ दी गई शिकायत वापस नहीं ली, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मल्होत्रा ने स्थानीय पुलिस पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया और कहा कि उनके पास घटना की वीडियो और ऑडियो रिकॉर्डिंग है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला, तो वह उच्च अधिकारियों और न्यायालय तक जाएंगे।

भारतीय वैज्ञानिकों ने अल्जाइमर उपचार के लिए नए अणु विकसित किए, मस्तिष्क की प्रतिरक्षा कोशिकाएँ अल्जाइमर उपचार में सहायक

नई दिल्ली, फरवरी : कोलकाता स्थित बोस इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर अनिरबन भुनिया और उनकी टीम ने अल्जाइमर रोग और अन्य न्यूरोडीजेनेरेटिव विकारों के उपचार में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने दो प्रमुख रणनीतियाँ अपनाईं: पहली, एमिलॉयड बीटा एकत्रीकरण को रोकने के लिए रासायनिक रूप से संश्लेषित पेप्टाइड्स का उपयोग; और दूसरी, आयुर्वेदिक दवा लसुनाद्य घृत (एलजी) का पुनः उपयोग, जो पारंपरिक रूप से मानसिक विकारों के उपचार में प्रयुक्त होती है।

अध्ययन में पाया गया कि एलजी के जल अर्क (एलजी डब्ल्यूई) ने एमिलॉयड बीटा एकत्रीकरण की प्रक्रिया को बाधित किया, विशेषकर फाइब्रिलेशन के प्रारंभिक चरणों में ओलिगोमर्स के गठन को रोकते हुए। उल्लेखनीय है कि एलजी डब्ल्यूई ने रासायनिक पेप्टाइड्स की तुलना में एमिलॉयड समुच्चयों को गैर-विषाक्त छोटे अणुओं में विभाजित करने में अधिक प्रभावशीलता दिखाई। यह शोध प्रतिष्ठित जर्नल बायोकेमिस्ट्री (एसीएस) में प्रकाशित हुआ है, जिसमें प्रोफेसर भुनिया ने साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स, कोलकाता, आईआईटी-गुवाहाटी, और लखनऊ विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विशेषज्ञों के साथ सहयोग किया। इस अध्ययन से अल्जाइमर और संबंधित रोगों के उपचार में नए दृष्टिकोणों की संभावना बढ़ी है।

आईएनएसवी तारिणी ने केप हॉर्न पार कर पोर्ट स्टेनली में फहराया तिरंगा

भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों ने पोर्ट स्टेनली में रचा इतिहास

नई दिल्ली, फरवरी : भारतीय नौसेना का नौकायन पोत, आईएनएसवी तारिणी, 18 फरवरी को भारतीय समयानुसार सुबह 5:15 बजे पोर्ट स्टेनली पहुँचा, जो नविका सागर परिक्रमा II अभियान का तीसरा और सबसे चुनौतीपूर्ण चरण है। इस चरण के दौरान, पोत ने तीन चक्रवातों का सामना किया और पृथ्वी के सबसे दुरस्थ बिंदु, पॉइंट नीमो, से गुजरा। इसके अलावा, दल ने ड्रेक पैसेज की कठिन जलधारा पार करते हुए केप हॉर्न को भी पार किया। नविका सागर परिक्रमा II भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों की दृढ़ता, साहस और कौशल का प्रतीक है। इस अभियान का उद्देश्य महासागरीय नौकायन, आत्मनिर्भरता और भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को बढ़ावा देना है। दो महिला अधिकारियों द्वारा संचालित यह पोत गोवा से अपनी यात्रा पर निकला, जिसमें उन्होंने भारतीय, अटलांटिक और प्रशांत महासागरों की चुनौतीपूर्ण समुद्री परिस्थितियों का सामना किया। पोर्ट स्टेनली में सुरक्षित आगमन भारत की बढ़ती समुद्री पहुंच और नौसैनिक कूटनीति के माध्यम से वैश्विक सद्भावना को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पोर्ट स्टेनली में अपने प्रवास के दौरान, दल स्थानीय समुदाय के साथ बातचीत करेगा, अपनी यात्रा और भारत की नौसैनिक परंपराओं के बारे में जानकारी साझा करेगा। इसके पश्चात, आईएनएसवी तारिणी केप टाउन के लिए प्रस्थान करेगा और फिर भारत लौटेगा। यह अभियान साहस, दृढ़ता और वैश्विक समुद्री सहयोग को बढ़ाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है।

लैपटॉप चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

चोरी के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

सिरसा, फरवरी : थाना सदर पुलिस ने जांच के दौरान गांव बेगू में स्थित एक क्लीनिक से हुई लैपटॉप चोरी की घटना को सुलझाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बलविंद्र सिंह पुत्र बूटा सिंह व राजपाल उर्फ राजा पुत्र मांगे राम निवासी गांव शाहपुर बेगू जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि राज कुमार निवासी सेक्टर-20 हुडा कॉलोनी सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव बेगू में कृष्णा हैल्थ केयर के नाम से उसका बेटा एक क्लीनिक चलाता है। बीती 4 फरवरी की रात को अज्ञात युवक घर में बने क्लीनिक में घुसकर लैपटॉप चोरी करके ले गए। उन्होंने बताया कि सदर थाना की एक पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को शाहपुर बेगू क्षेत्र से काबू कर लिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की निशानदेही पर चोरीशुदा लैपटॉप बरामद कर लिया है।

उन्होंने बताया कि आरोपी का अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया को गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

रोहतक साइबर क्राइम की गुरुग्राम में रेड, 6 ठगों को किया गिरफ्तार

-11.80 लाख कैश बरामद, शेयर मार्किट का देते थे झांसा

रोहतक, फरवरी : जिले में साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी मामले में 6 आरोपियों को गुरुग्राम से काबू किया। साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन एप के माध्यम से ठगी का शिकार बना रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी गुरुग्राम में अलग-अलग सोसाइटी में रहकर ठगी को अंजाम दे रहे थे। साइबर क्राइम थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि साइबर ठगी करने वाला गिरोह गुरुग्राम में सक्रिय है। उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुग्राम में रेड की और अलग-अलग जगहों से आरोपियों को काबू कर लिया। आरोपियों से ठगी में प्रयोग करने वाला सामान भी बरामद किया। कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर ठगी मामले में आरोपियों के कब्जे से 11 लाख 80 हजार रुपए कैश बरामद किया है। साथ ही अलग-अलग बैंकों के 30 चेक, 19 एटीएम कार्ड, ठगी में प्रयोग होने वाले 7 मोबाइल बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। कुलदीप सिंह ने बताया कि शेयर मार्केट में काम करने वाले लोगों को टास्क देकर और मोटे मुनाफे का लालच देकर आरोपी उन्हें ठगी का शिकार बना रहे थे। पकड़े गए आरोपियों में एक रोहतक, एक झज्जर, चरखी दादरी, भिवानी और एक सोनीपत का रहने वाला है। सभी को गुरुग्राम से काबू किया है। कुलदीप सिंह ने बताया कि गुरुग्राम से आरोपियों को काबू करने वाली टीम में पीएसआई प्रतीक, पीएसआई बलविंद्र, एएसआई प्रदीप, एएसआई सतीश और हेड कॉन्स्टेबल संदीप शामिल रहे। टीम पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

साइबर ठगी के आरोपियों से पकड़े गए सामान के साथ साइबर क्राइम पुलिस टीम।

कंस्ट्रक्शन सैक्टर में 81% की बढ़ोतरी, इंजीनियरिंग और आर्किटेक्ट्स की मांग में उछाल : सर्वे

नई दिल्ली, फरवरी : वर्क इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार भारत में कंस्ट्रक्शन सेक्टर में नौकरी चाहने वालों की संख्या में 81 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। देश में तेजी से हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के चलते इंजीनियरिंग और आर्किटेक्ट की भूमिकाओं की मांग बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार आर्किटेक्ट की भर्ती में 35 फीसदी की वृद्धि हुई है, जबकि इंजीनियरिंग भूमिकाओं में 216 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। टियर 1 शहरों जैसे बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई और पुणे में कंस्ट्रक्शन प्रोफेशनल्स की मांग 32 से 51 फीसदी तक बढ़ी है। वहीं, टियर 2 और टियर 3 शहरों में 25 से 132 फीसदी तक की वृद्धि देखी गई है, जो छोटे शहरों और कस्बों के तेजी से बढ़ते विकास को दर्शाता है। वर्कइंडिया के सह-संस्थापक और सीईओ नीलेश डुंगरवाल ने कहा, भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ रही है, जिससे कंस्ट्रक्शन सेक्टर में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। देश में इंजीनियरिंग और आर्किटेक्ट की बढ़ती मांग यह दर्शाती है कि भारत का कंस्ट्रक्शन सेक्टर लगातार विस्तार कर रहा है।

केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने आईडब्ल्यूटी टर्मिनल का उद्घाटन किया

पीएम गति शक्ति योजना से जलमार्ग परिवहन को बढ़ावा

भूटान और बंगलादेश के साथ व्यापारिक कनेक्टिविटी होगी मजबूत

केंद्रीय मंत्री सबानंद सोनोवाल ने आईडब्ल्यूटी टर्मिनल का उद्घाटन करतें हुए।

नई दिल्ली, फरवरी : केंद्रीय बंदरगाह, पोत एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने असम के जोगीघोपा में अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल (आईडब्ल्यूटी) राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस टर्मिनल का शिलान्यास फरवरी 2021 में किया था। यह टर्मिनल भूटान की सीमा से 91 किमी, बांग्लादेश से 108 किमी और गुवाहाटी से 147 किमी की दूरी पर स्थित है, जो इसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाता है। करीब 82 करोड़ की लागत से बने इस टर्मिनल में आरसीसी जेटी, इलेक्ट्रिक लेवल लफिंग (ईएलएल) क्रेन, कस्टम्स और इमिग्रेशन कार्यालय, ट्रक पार्किंग क्षेत्र और 1100 वर्ग मीटर का गोदाम शामिल है। इसके माध्यम से 2027 तक सालाना 1.1 मिलियन टन कार्गो हैंडलिंग का लक्ष्य रखा गया है। उद्घाटन समारोह में भूटान के उद्योग मंत्री ल्योंपो नामग्याल दोरजी, असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास, बिमल बोराह, जोगेन मोहन, सांसद फणी भूषण चौधरी और रकीबुल हुसैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सोनोवाल ने कहा कि यह टर्मिनल भारत के लॉजिस्टिक्स सेक्टर को मजबूत करेगा और भूटान-बांग्लादेश के साथ व्यापारिक रिश्तों को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि पीएम गति शक्ति योजना के तहत जलमार्ग विकास से 2047 तक आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूती मिलेगी। पिछले एक दशक में अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र में 767 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भारत के जल परिवहन को नई ऊंचाई मिलेगी।

राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को खतरे में डाल रही सरकार : खरगे

दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डाल रही है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा के उस तरफ चीन की ओर से नये गांव बसाए जाने के दावे वाली खबर को लेकर सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन के लिए लाल आंख के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहे हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, भौगोलिक संप्रभुता और अखंडता सर्वोपरि है, मोदी सरकार इसे खतरे में डाल रही है। उन्होंने दावा किया, हम बड़ी जिम्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर यह आरोप लगा रहे हैं। चीन ने अरुणाचल प्रदेश से लगी सीमा पर 90 नये गांव बसाने शुरू कर दिए हैं, वह हमारी सीमा पर पहले ऐसे 628 गांव बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, दिसंबर 2024 में चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह देश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब में कहा गया कि मार्च 2021 में चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में पनबिजली परियोजनाओं का जिक्र है। खरगे ने दावा किया कि इसका मतलब है कि मोदी सरकार को 2021 से ही इस मामले की जानकारी थी, लेकिन फिर भी वह बिल्कुल चुप रही।

बजट में सभी वर्गों को ध्यान में रखकर किये गये प्रावधान : राज्यपाल आनंदीबेन

उत्तर प्रदेश। की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को पेश प्रदेश सरकार के बजट को जनहितैषी बताते हुए कहा कि इसमें सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रावधान किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपये का बजट बृहस्पतिवार को पेश किया, जिसमें अनुसंधान एवं विकास और सूचना प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित किया गया है। राजभवन से जारी एक बयान के मुताबिक, राज्यपाल ने कहा कि बजट का फोकस प्रमुख रूप से अवसंरचना परियोजनाओं, गरीबों, युवाओं, किसानों, महिलाओं, उद्यमियों और व्यापारियों के कल्याण पर है। उन्होंने महिला और श्रमिक कल्याण के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना, जिससे महिला सशक्तिकरण और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान को बल मिलेगा। राज्यपाल ने बताया कि बजट में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश वृद्धि, और वायु, जल, सड़क तथा रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी पर जोर दिया गया है, जो प्रदेश की समृद्धि और कल्याण में सहायक होगा।

समाचार

फार्मर रजिस्ट्री हेतु जन सेवा केंद्र संचालकों के साथ एसडीएम ने की बैठक

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। गुरुवार को हसनपुर उप जिला अधिकारी कार्यालय पर क्षेत्र के सभी जन सेवा केंद्र संचालकों की बैठक एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने ली, जिसमें सभी सीएससी संचालकों से ज्यादा से ज्यादा लोगों को ग्रामीणों को बुलाकर फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, बताते चलें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक ऑनलाइन पोर्टल फार्मर रजिस्ट्री शुरू किया है जिसका उद्देश्य किसानों की जानकारी को डिजिटल रूप से रजिस्टर करना है इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के सभी किसानों का डाटा इकट्ठा किया जा रहा है ताकि उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके, इसी सुविधा को लेने के लिए तथा भविष्य में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो तथा एक क्लिक पर ही उनकी समस्त जमीन का डाटा निकल सके, इसी को लेकर जन सेवा केंद्र संचालकों से बैठक में एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा है कि फार्मर रजिस्ट्री करने के लिए लोगों को अधिक से अधिक संख्या में बुलाकर उनका फॉर्मर रजिस्ट्री करें, इस मौके पर भारी संख्या में जन सेवा केंद्र संचालक मौजूद रहे।

शादी के 20 दिन बाद युवती को भगा ले गया युवक, दो को के खिलाफ मुकदमा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर/सैद नंगली। हसनपुर तहसील क्षेत्र के सैद नंगली थाने के अंतर्गत पड़ने वाले एक गांव निवासी पिता ने अपनी 19 वर्षीय विवाहित बेटी को गांव के ही युवक द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने की शिकायत पुलिस से की, जिस पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है बता ते चले कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 25 जनवरी 2025 को थाना सैद नंगली क्षेत्र के एक गांव की युवती का विवाह थाना मैनेठेर के एक गांव निवासी युवक से हुआ था, बेटी गांव आई हुई थी, इस बीच गांव का ही युवक युवती को बहला फैसला कर अपने साथ ले गया युवती के पिता ने काफी तलाश किया लेकिन पता नहीं लगा सका, वहीं युवती के पिता ने आरोपी युवक के ताऊ से इस बारे में शिकायत की तो उन्होंने युवती के पिता को जान से मारने की धमकी दी तथा उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, तब युवती के पिता ने अपनी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई, इस संबंध में थाना सैद नागली के इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी भोला सिंह पुत्र जगत सिंह और चंद्रभान पुत्र मुरारी निवासी पंन्डकी गांव के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है, तथा पुलिस मामले की जांच में लगी हुई है।

सनातन का महासमुद्र है प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भः गिरिराज सिंह

महाकुम्भनगर, 20 फरवरी। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बृहस्पतिवार को केंद्रिय कपड़ा मंत्री और बिहार के बेगूसराय से भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने तीर्थराज प्रयागराज के त्रिवेणी संगम में स्नान करके खुद को धन्य माना। उन्होंने महाकुम्भ को सनातनी आस्था का महासमुद्र करार दिया। महाकुम्भ के सफल आयोजन को लेकर गिरिराज सिंह ने पीएम मोदी, सीएम योगी तथा स्थानीय प्रशासन का धन्यवाद दिया। स्नान के दौरान हुई अनुभूति को दिव्य बताते हुए उन्होंने त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद को सौभाग्यशाली माना। वहीं, भाजपा विधायक रेखा गुप्ता के दिल्ली के सीएम पद की शपथ लेने पर भी उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और शुभकामनाएं दी।

महाकुम्भ में सफाई व्यवस्था को बताया बेहतरीन

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह प्रयागराज एयरपोर्ट से अरैल घाट पर बने वीआईपी डेक पहुंचे जहां त्रिवेणी संगम में उन्होंने स्नान किया। स्नान के उपरांत उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रयागराज सनातन धर्म का सागर है। अब तक 60 करोड़ लोग यहां पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। यहां की व्यवस्थाएं और साफ-सफाई बेहतरीन है। मेरा मानना है कि दुनिया में इससे बड़ा समागम कहीं नहीं हो सकता। इसके लिए मैं योगी जी और मोदी जी का आभार व्यक्त करता हूं। इसके बाद, सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स पर तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि कुंभ एक महा उत्सव ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की दिव्य धारा है, जहाँ आस्था, श्रद्धा और अध्यात्म का पवित्र संगम होता है। पुण्य सलिला गंगा में डुबकी लगाने मात्र से हृदय निर्मल हो जाता है और मोक्ष की अनुभूति होती है। इस पावन अवसर पर कुम्भ स्नान का सौभाग्य प्राप्त हुआ, मन आनंदित है, आत्मा तृप्त है, हर हर गंगे।

महाकुम्भ 2025 स्नान के अंतिम चरण के लिए 1200 अतिरिक्त बसों की व्यवस्था

लखनऊ, 20 फरवरी। महाकुम्भ-2025 मेला के अंतिम चरण के सफल संचालन के लिये योगी सरकार 1200 अतिरिक्त ग्रामीण बसों की वृद्धि करेगी। इन बसों का क्षेत्रवार आवन्टन किया गया है, जिससे कि श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित हो। सरकार ने महाकुम्भ में यात्रियों की अत्यधिक उपलब्धता को देखते हुए बसों की पूर्ति हेतु यह निर्णय लिया है।

ड्यूटी का निर्धारण होगा सुनिश्चित

उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि स्नान एवं 20 से 28 फरवरी, 2025 के लिए 1200 बसें रिजर्व में रखी गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि इसके अलावा संगम क्षेत्र में 750 शटल बसें भी चल रही हैं। उन्होंने निर्देश दिये है कि अधिकारियों/उपाधिकारियों की ड्यूटी का निर्धारण किया जाये एवं उनकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाये जिससे कि, बसों का सुचारू संचालन हो सके।

06 क्षेत्रों को आवंटित की गई बसें

परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 06 क्षेत्रों यथा सहारनपुर, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, अलीगढ़ से यात्रियों की कम संख्या के अनुमान के दृष्टिगत प्रयागराज के लिए 25 बसों का प्रस्थान प्रतिदिन सुनिश्चित किया जाये, जिससे कि पूर्वान्चल के जिलों से आने वाले अतिरिक्त भीड़ को बसों की पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त प्रयागराज, वाराणसी, आजमगढ़, चित्रकूट, अयोध्या एवं देवीपाटन क्षेत्र द्वारा मेला संचालन से इतर संचालित बसों को अधिकतम 300 किमी तक में ही संचालित किया जाये जिससे की आवश्यक्तानुसार शीघ्रतापूर्वक मेला क्षेत्र में भेजा जा सके।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने 9 कुंतल भैंस/भैंसे का मीट अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा, नष्ट कराया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

अमरोहा। गुरुवार को आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी अमरोहा से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में सहायक आयुक्त(खाद्य)-क्क, विनय कुमार के नेतृत्व में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जनपद अमरोहा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा 20.02.2025 को सम्भल अमरोहा मार्ग ग्राम पतखोई के निकट पर भैंस/भैंसा के मीट की सप्लाई करने जाते हुए वाहन को रोककर चैकिंग की गयी जिसमें लगभग 09 कुन्तल मीट ले जाते हुए पाया गया। वाहन चालक के पास मीट सप्लाई/मीट परिवहन का खाद्य लाईसेंस नहीं पाया गया। वाहन के भण्डारण भाग में अवशीतन प्रणाली चालू नहीं पायी गयी, जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा मीट का निरीक्षण करते हुए मीट का नमूना विश्लेषण हेतु संग्रहीत कर प्रयोगशाला भेज दिया गया है। अवशीतन प्रणाली चालू नहीं होने पर मीट खराब हो जाने के कारण जन स्वास्थ्य के दृष्टिगत वाहन में ले जाये जा रहे समस्त मीट को एक स्थान पर गहरा गड्ढा खुदवाकर मीट को नमक के साथ मिला कर मिट्टी डालकर नष्ट करा दिया गया। वाहन चालक मौ0 नदीम पुत्र जफीर एवं वाहन स्वामी अजीम पुत्र जफीर, निवासीगण-ग्राम ढकिया चमन, डाकखाना व थाना डिडौली, जनपद अमरोहा के विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जा रही है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वारा समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि आगामी शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत कांवड़ मार्ग पर स्थित समस्त मीट, मुर्गा मांसाहार की दुकानें बन्द रखी जाये। जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम का उल्लंघन करने वाले हाईजीन कण्डीशन का अनुपालन न करने वाले मीट विक्रेताओं एवं आपूर्तिकताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उद्दिमयो की समस्याओं का हो प्राथमिकता से निस्तारण- अपर जिलाधिकारी

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

अमरोहा। गुरुवार को अपरजिलाधिकारी(न्यायिक) मायाशंकर जी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय मासिक उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अपर जिलाधिकारी ने उद्योग बंधुओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं की किसी भी समस्या में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी प्राथमिकता के साथ उनकी समस्याओं का निस्तारण हो। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बिंदुओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराया जाए आज जो बिंदु उठाए गए हैं उनका निस्तारण हर हाल में अगली बैठक तक अवश्य हो जाए । उद्योग कर्मियों की समस्याओं के निस्तारण को प्राथमिकता से लिया जाए । उपायुक्त उद्योग ने अपर जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम को प्रोत्साहित करने, इस क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढ़ावा देने तथा नए रोजगार सृजित करने हेतु प्रख्यापित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष 1 लाख नई सूक्ष्म इकाइयां स्थापित करने तथा आगामी 10 वर्षों में प्रदेश में 10 लाख सूक्ष्म इकाइयां स्थापित करने का उद्देश्य है। उक्त याजनान्तर्गत जनपद अमरोहा में वार्षिक लक्ष्य कुल 1000 के सपेक्ष दिनांक 25.01.2025 तक कुल 4228 आवेदन प्राप्त हुये है, जिसमें से कुल 1289 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गये तथा बैंक द्वारा 315 ऋण स्वीकृत तथा 120 ऋण वितरित किये जा चुके है। शेष आवेदन पत्रों की स्कूटनी पात्रता एवं व्यवहर्यता के आधार पर की जा रही है।बैठक में उपायुक्त उद्योग, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित औद्योगिक क्षेत्र के प्रतिनिधि बंधु उपस्थित रहे।

तीसरे दिन फिर बाघ की चहलकदमी देखी गई, वन विभाग मुस्तैद।

संवाददाता मंजीत शर्मा

पीलीभीत पूरनपुर। लगातार तीन दिनों से डेरा जमाए हुए बैठा है बाघ। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर के समीप गन्ने के खेत में डेरा जमाएं हुए बाघ बेठा है।वनविभाग की टीम बाघ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। बाघ होने से लोगों को खतरा बना हुआ है बाघ की वजह से किसान अपने खेतों पर जाने से डर रहे हैं।आज तीसरे दिन गुरूवार को बाघ की चहलकदमी देखी गई है जिसका ग्रामीणों ने विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ इस यहां आसपास ही रहता है बाघ यहां से जानें का नाम नहीं ले रहा है ग्रामीणों का कहना कि बाघ को जल्द से जल्द पकड़वाया जाएं। बाघ होने से लोगों में दहशत है।एक दिन पूर्व सुल्तानपुर पिपरा मुरादपुर समेत तीन गांव के बीच में डेरा जमाए हुए बैठा है बाघ। क्षेत्रीय ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।दो दिन पूर्व में सुल्तानपुर में गन्ना के खेत में डेरा जमाए हुए था वहां से रात्रि में पिपरा की ओर आया। जिसका वीडियो भी सामने आया था। वनविभाग का क्षेत्रीय ग्रामीणों से लगातार अनुरोध है कि रात्रि में इस रास्ते में आवागमन ना करें। लगातार बाघ की चहलकदमी देखी जा रही है हालांकि वनविभाग बाघ की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं लोगों के मन में यह सवाल दौड़ रहा है कि वनविभाग बाघ को पकड़ने की जुर्रत क्यूं नहीं कर रहा है क्या वन विभाग हादसा होने का इंतजार कर रहा है क्षेत्रीय ग्रामीण में बाघ होने से दहशत का माहौल बना हुआ है ग्रामीणों का वनविभाग के प्रति काफी आक्रोष है। गांव से बाहर निकलने में लोगों को लगने लगा है डर।वहीं किसानों की फसल को आवारा पशु पहुंचा रहे थे नुकसान जिससे किसान अपने फसल की रखवाली रात दिन कर रहे थे लेकिन बाघ आ जाने से किसान अपने खेत पर जाने के लिए भी डर रहे हैं। लगातार किसानों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

महाकुम्भ में गूंजा देशभक्ति का जयघोष, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का हुआ सम्मान

महाकुम्भ नगर, 20 फरवरी। महाकुम्भ 2025 के पावन अवसर पर प्रयागराज के सेक्टर 7 में समाज कल्याण विभाग के पांडाल के ऑडिटोरियम में गुरुवार को पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सेना के प्रति आम जनता में जागरूकता, सम्मान और समर्पण की भावना विकसित करना है और पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके पुनर्वास को लेकर जागरूकता फैलाना भी है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कहा, कुंभ सिर्फ आस्था का ही नहीं बल्कि विचारों के आदान प्रदान का भी संगम है।

समाज कल्याण विभाग की अनूठी पहल

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए 10 वीर सैनिकों की पत्नियों को सम्मानित किया गया, जो अपने परिजनों की शहादत के बावजूद राष्ट्र के प्रति समर्पित हैं। इसके अलावा, 11 पूर्व सैनिकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में सेना देश की रक्षा करती है। समाज कल्याण विभाग द्वारा महाकुम्भ में निराश्रित वृद्धजनों के लिए 100 बेड का एक अस्थाई वृद्धाश्रम भी बनाया गया है, जहां प्रदेश भर से बुजुर्गों को लाकर संगम स्नान कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों को सुनने की मशीन, छड़ी, कमर के लिए बेल्ट आदि उपकरण भी प्रदान किया जा रहा है।

सैनिकों के कल्याण और पुनर्वास पर भी चर्चा

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के कल्याण, उनके पुनर्वास और उनके परिवारों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन में कर्नल एके मिश्रा, रजत बंबानी, अमित सिंह और अनिल भार्गव प्रमुख रहे। इसके अलावा, वारंट ऑफिसर श्रीराम शिवहरे, टीपी वर्मा, पीबी सिंह, प्रमोद शुक्ला, डीबी सिंह, सूबेदार संजीव चौरसिया और मदन वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

जन आस्था को पूरा सम्मान, अराजकता स्वीकार नहीं: मुख्यमंत्री

महाकुम्भ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी दिनों में होलिकोत्सव, शब-ए-बारात, रमजान, नवरोज, चैत्र नवरात्र, राम नवमी आदि महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार के शांतिपूर्ण आयोजन के संबंध में गुरुवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला, रेंज, जोन व मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारी गणों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग) वर्तमान समय में हम सभी प्रयागराज महाकुम्भ के विशेष आयोजन से जुड़े हुए हैं, इसका समापन आगामी 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर होना है। इसी तरह, चंद्र दर्शन के आधार पर 01/02 मार्च से रमजान माह प्रारम्भ हो रहा है, फिर 13 को होलिका दहन और 14 मार्च को होलिकोत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार मार्च में ही नवरोज, चैत्र नवरात्रि, राम नवमी और 30/31 मार्च को ईद-उल-फितर जैसे अनेक महत्वपूर्ण पर्व-त्योहार मनाये जाएंगे। अनेक स्थानों पर शोभायात्राओं का आयोजन होगा, मेले आदि लगेंगे। उल्लास और उमंग के इस विशेष पर्व कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। 14 मार्च को शुक्रवार का दिन है। अतः हमें विशेष सतर्कता-सावधानी रखनी होगी। विगत 08 वर्षों में प्रदेश में सभी धर्म-सम्प्रदाय के पर्व-त्योहारों के आयोजन शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुए हैं। इस क्रम को आगे भी बनाये रखना होगा। महाकुम्भ का अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के दिन होगा। प्रयागराज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति संभावित है। ऐसे में स्नान पर्व तिथि के ट्रैफिक-यातायात, रूट प्लान आदि की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। वाहन सड़क पर कतई खड़े न रहें, मूवमेंट चलता रहे। यह सुनिश्चित करायें कि श्रद्धालुओं को संगम स्नान के लिए कम से कम पैदल चलना पड़े।

बजट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथः प्रमुख बिंदु

महाकुम्भ। प्रदेश का राजकोषीय घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.97 प्रतिशत है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा एफ०आर०बी०एम० एक्ट में निर्धारित 3.5 प्रतिशत की सीमा से कम है। नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के सम्बन्ध में प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रण्ट रनर (अग्रणी) राज्य की श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित फिस्कल हेल्थ इण्डेक्स में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है, वर्ष 2018 से 13 की अवधि में पूँजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। विगत 08 वर्षों में बेरोजगारी की दर को नियंत्रित करने में सफलता मिली है। प्रदेश में रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ीं हैं, नये रोजगार सृजित हुए हैं। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप पिछले 08 वर्षों में प्रदेश को लगभग 45 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं जिसमें से 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरे जा चुके हैं और 60 लाख नौकरियों के अवसर सृजित हुए हैं।

महाकुम्भ में 2 लाख से अधिक श्रद्धालु ले चुके हैं लेजर लाइट शो का आनंद

20 फरवरी झ महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम, महाकुम्भ का दिव्य - भव्य आयोजन पिछले 38 दिनों से चल रहा है। महाकुम्भ के अवसर पर प्रयागराज में कई तरह के भव्य आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रयागराज में यमुना बोट क्लब के काली घाट पर लेजर लाइट शो का प्रदर्शन 11 जनवरी से हो रहा है। अब तक लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर लाइट शो का आनंद ले चुके हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पर्यटन विभाग की ओर से ये लेजर शो प्रयागराजवासियों के लिए एक सौगात है। प्रयागराज के महात्म और महाकुम्भ की गाथा पर आधारित लेजर शो शहर में आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है। इसका प्रदर्शन महाकुम्भ के बाद भी नियमित तौर पर होता रहेगा।

5 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रत्येक दिन देखते हैं लेजर शो

महाकुम्भ का दिव्य झ भव्य आयोजन एक ओर तो प्रयागराजवासियों के लिए आत्मसम्मान और गौरव का विषय है, साथ ही महाकुम्भ शहर वालों को कई तरह की सौगात भी दे जाता है। महाकुम्भ की ऐसी ही सौगात है लेजर लाईट शो। जिसका प्रदर्शन यमुना बोट क्लब के पास काली घाट पर शाम 7 बजे और 8 बजे नियमित तौर पर हो रहा है। 40 मिनट की अवधि का लेजर शो तीर्थराज प्रयागराज के महात्म और महाकुम्भ की पौराणिक कथा पर आधारित है। शो की आर्गनाइजर टेम्फ्लो सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर अंकुर चौधरी का कहना है कि 11 जनवरी से लेजर शो का नियमित प्रदर्शन हो रहा है। प्रत्येक दिन कम से कम 5 से 6 हजार लोग शो का आनंद लेते हैं। कभी - कभी ये संख्या 10 हजार से भी अधिक हो जाती है। अब तक महाकुम्भ में लगभग 2 लाख से अधिक श्रद्धालु लेजर शो को देख और सराह चुके हैं।

योगी सरकार के बजट में बुंदेलखंड पर खास ध्यान, इंडस्ट्री से लेकर एयरपोर्ट तक पर ध्यान

20 फरवरी, लखनऊ/झांसी। योगी सरकार ने बजट में बुंदेलखंड के लिए अलग से कई घोषणाएं की हैं। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट पेश करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड रीवा एक्सप्रेस-वे का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके लिये 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था कराई जा रही है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना हेतु लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अन्तर्गत लगभग साढ़े नौ हजार करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। कोल इण्डिया लिमिटेड के साथ उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के रूप में जनपद जालौन में 500 मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना प्रस्तावित है। परियोजना की लागत 2500 करोड़ रुपये अनुमानित है। परियोजना हेतु 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। एन.टी.पी.सी. ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड द्वारा संयुक्त उपक्रम के माध्यम से तहसील गरौठा जनपद झाँसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत 500 करोड़ रुपये है। परियोजना हेतु 80 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। ललितपुर स्थित हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र में स्थित जनपदों के विषमताओं एवं पिछड़ेपन को कम करने के उद्देश्य से 425 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। चित्रकूट क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। झाँसी में मुख्यमंत्री श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण की नई योजना प्रस्तावित की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे को हम लोगों ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के साथ जोड़ने के लिए धनराशि की व्यवस्था आज के इस बजट में प्रस्तावित की है। इस बजट में हम लोगों ने उत्तर प्रदेश के सात जनपदों वाराणसी, मेरठ, प्रयागराज, गोरखपुर, कानपुर, झांसी और आगरा में श्रमजीवी यानी कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाने के कार्यक्रम को भी इस बजट में प्रावधान किया है। चित्रकूट में पर्यटन विकास के लिए 50 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान के बाद भी अल्कलाइन वाटर से भी बेहतर गंगा जल

महाकुम्भनगर, 20 फरवरी। महाकुम्भ में अब तक 57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। इसके बावजूद गंगा जल की शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले पद्मश्री वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने अपनी प्रयोगशाला में यह सिद्ध कर दिया है कि गंगा का जल न केवल स्नान योग्य है, बल्कि अल्कलाइन वाटर जैसा शुद्ध है। गंगा नदी के जल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने अपनी प्रयोगशाला में झूठा साबित कर दिया है। उन्होंने अपने सामने गंगा जल लेकर प्रयोगशाला में जांचने की खुली चुनौती भी दी है। साथ ही कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो, वह मेरे सामने गंगा जल ले और प्रयोगशाला में जांचकर संतुष्ट हो जाए। मोती उगाने की दुनिया में जापानी वर्चस्व को चुनौती देने वाले शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक ने संगम और अरैल के साथ एक दो नहीं बल्कि 05 घाटों से गंगा जल कलेक्ट किया है। डॉ सोनकर के लगातार तीन महीने के शोध में यह साबित किया कि गंगा जल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। प्रयोगशाला में इसकी शुद्धता की पूरी तरह से पुष्टि हो गई है। बैक्टीरियोफेज के कारण गंगा जल की अद्भुत स्वच्छता क्षमता हर तरह से बरकरार है।

संगम और अरैल समेत 05 घाटों से गंगा जल संग्रह करने के बाद वैज्ञानिक जांच

देश के शीर्ष वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार सोनकर ने महाकुम्भनगर के संगम नोज और अरैल समेत अलग-अलग 05 प्रमुख स्नान घाटों से खुद जाकर जल के नमूने इकट्ठा किए। इसके बाद उन्हें अपनी प्रयोगशाला में सूक्ष्म परीक्षण के लिए रखा। डॉ. अजय के अनुसार आश्चर्यजनक रूप से करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ देखी गई और न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई।

बैक्टीरियोफेज का चमत्कार : गंगा की प्राकृतिक शुद्धिकरण शक्ति

देश के शीर्ष वैज्ञानिक ने इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। यही कारण है कि गंगा जल में 57 करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने के बाद भी उसका पानी दूषित नहीं हुआ।

हरियाणा

सार संक्षेप

पूजा कॉलेज आफ एजुकेशन में छात्राओं हेतु लगाई वर्कशॉप

कुरुक्षेत्र : पूजा कॉलेज आफ एजुकेशन पिपली परिसर में महिला सशक्तिकरण व कौशल विकास विषय पर छात्राओं के लिए एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता नंदी फाउंडेशन महिंद्रा प्राइड क्लासरूम की प्रशिक्षक नैंसी रही। कार्यक्रम में कॉलेज चेयरमैन विकासदीप संधू तथा कॉलेज प्रिंसिपल डॉक्टर विनोद सैनी सहित पूरा शिक्षक स्टाफ मौजूद रहा। मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुई नैंसी ने नंदी फाइनेंस फाऊंडेशन द्वारा चलाए जा रहे कौशल प्रशिक्षण के बारे में छात्राओं व महिला शिक्षकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि शिक्षा के साथ-साथ विशेष कौशल ग्रहण करने से उनका आर्थिक विकास तो होगा ही साथ ही सामाजिक सहभागिता भी बढ़ेगी। शिक्षित और सशक्त नारी राष्ट्रीय निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस कार्यक्रम में शामिल हुई छात्राओं से फीडबैक लिया गया और उन्हें सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया।

बच्चों के लिए नालसा स्कीम की दी जानकारी

कुरुक्षेत्र : जिला एवं सत्र न्यायधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नितिन राज द्वारा कुरुक्षेत्र जिले में जागरूकता शिविर चलाए जा रहे हैं। इसके तहत पैनल अधिवक्ता कपिल खिल्लन, पीएलवी सुनिल द्वारा गांव सैंसा में लोगों को बच्चों के लिए नालसा स्कीम, मानसिक रोगियों और दिव्यांग व्यक्ति के लिए नालसा स्कीम, विक्टिम केयर एंड स्पोर्ट सिस्टम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ साथ उन्हें डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता व नालसा टोलफ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 के बारे में भी जानकारी दी गई।

किसानों को शरीर व फसल को सुरक्षित रखने की दी जानकारी

पिहोवा : गांव भूस्तला में बुधवार को इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड के द्वारा उत्पादन प्रबंध दिवस के रूप में सतर्क जागरूकता अभियान चलाया गया। इंसेक्टिसाइड्स इंडिया लिमिटेड की और रीजनल मैनेजर संदीप कुमार व गौरव मालिक की उपस्थिति में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी में उपस्थित किसानों को शरीर व फसल को सुरक्षित रखने की जानकारी दी गई जिसमें स्प्रे करते समय पीपीई किट व घोल बनाते समय हाथ में दस्ताने व लकड़ी के डंडे का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि कीटनाशक दवाइयों का उपयोग सिफारिश की गई मात्रा के अनुसार करें। अगर मात्रा का सही प्रयोग न करे तो फसलों को नुकसान पहुंचता है और अच्छे परिणाम देखने को नहीं मिलते। संदीप कुमार ने बताया कि कीटनाशक दवाओं के खाली डब्बों को किसी सुरक्षित स्थान या जमीन में दबा देना चाहिए इन्हें बच्चों व पशुओं की पहुंच से दूर रखना चाहिए। स्प्रे पंप की सफाई के साथ-साथ सही नोजल का इस्तेमाल करें। जिससे फसलों पर दवाइयां का सही लाभ मिल सके और किसानों की फसल सुरक्षित रहे। इस किसान गोष्ठी में विकी राणा, जॉनी राणा, मोहित राणा, अजय राणा, भूपेंद्र राणा, सुनील राणा, श्रवण कुमार, प्रिंस राणा, सचिन राणा, व कप्तान राणा इत्यादि किसान मौजूद रहे।

डिजिटल प्लेटफॉर्म से किताबों की दुनिया की ओर वापसी

लाडवा के संजय गांधी स्कूल के प्रिंसीपल धमेंद्र खेड़ा व प्रोफेसर कीसुके फुकाया पीयू के विद्यार्थियों के साथ।

लाडवा : लाडवा के संजय गांधी स्कूल में पहुंचे प्रोफेसर कीसुके फुकाया का चार दिवसीय दौरा पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के शिक्षा विभाग के दौरे के साथ संपन्न हुआ, जहां उन्होंने दूरस्थ शिक्षा शिक्षा विभाग के प्रोफेसर जीसू जसकंवर सिंह के तहत शिक्षकों और छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा किए। वहीं उनके साथ स्कूल प्रिंसिपल धर्मेंद्र खेड़ा भी रहे। प्रोफेसर फुकाया ने दोनों देशों और जापान की संस्कृतियों पर अपने विचार साझा किये। उन्होंने जिशोबिकी, लेक्सप्लोर के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए, जो युवा शिक्षार्थियों की शब्दावली को बढ़ाने का एक अनूठा तरीका है। वहीं पंजाब विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने जिशोबिकी में गहरी रुचि दिखाई। छात्रों की प्रतिक्रिया जबरदस्त थी और विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इस लेक्सप्लोर को अपने परिसर में लागू करने के लिए उत्सुक थे। धर्मेंद्र खेड़ा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि फिनलैंड और स्वीडन ने अपने बच्चों को डिजिटल प्लेटफॉर्म के ओवरएक्सपोजर से बचाने के लिए अपने स्कूलों में किताबें लागू की हैं। प्रोफेसर फुकाया ने जापान की अपनी वापसी यात्रा के दौरान दिल्ली में मुगल शासन के प्रतीक ऐतिहासिक स्मारक लाल किले का दौरा किया, जो प्रोफेसर फुकाया को मंत्रमुग्ध कर देने वाला लगा।

कहासुनी होने पर युवक को पीटकर किया घायल

यमुनानगर : गांव जयधर में कहासुनी होने पर आधा दर्जन युवकों ने गांव मलिकपुर खादर निवासी हसन को पीट कर घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी आधा दर्जन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव मलिकपुर खादर निवासी हसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 15 फरवरी को किसी काम से गांव जयधर गया हुआ था। इस दौरान वहां पर उसकी गांव जयधर निवासी रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी होने पर आरोपी ने अपने साथी मेहताब, वंश, हर्ष, हुसैन व सोहिल के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मारपीट की आवाज सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

निकाय चुनावः तेज हुआ भाजपा का प्रचार, विधायक जगमोहन आनंद ने संभाली कमान, घर-घर जाकर कर रहे प्रचार

भाजपा उम्मीदवारों को मिल रहा जनता का अपार समर्थन

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। के निकाय चुनाव का रण सज चुका है। अब सभी उम्मीदवार चुनाव प्रचार के लिए मैदान में आ गे हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रचार की कमान स्वयं करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने संभाल रखी है, जो घर-घर जाकर लोगों से सीधा संपर्क कर रहे हैं और प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे हैं। आज करनाल के वार्ड नं. 7 में आजाद प्रत्याशी श्री चरण सिंह चरनी (चुनाव निशान शंख) ने मेयर प्रत्याशी श्रीमती Renu Bala Gupta जी और पार्षद प्रत्याशी श्री Jogindar Sharma को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए अपने साथियों सहित भाजपा में आस्था व्यक्त की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष भाई श्री Manohar Lalजी भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। पार्टी की नीतियों और राष्ट्र हितैषी विचारधारा एवं मा. मुख्यमंत्री श्री Nayab Saini जी एवं केंद्रीय मंत्री श्री Manohar Lal जी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा परिवार से जुड़ने वाले सभी साथियों का पार्टी में स्वागत हैं। आज श्री रविकांत जांगडा, गोल्डी बेरी, रामपाल लठवाल, श्री नीरज कादियान, श्री जगदीप कुमार, श्री कपिल कामरा, श्री रवि जांगडा, श्री सुरेश गांधी जी, श्री राम पांचाल जी, श्री ललित मल्होत्रा श्री गुलशन अरोडा जी, जगदीश चावला जी, सहित अन्य साथियों ने भाजपा में अपनी आस्था व्यक्त की।

वार्ड-20 के पार्षद प्रत्याशी के कार्यालय का किया उद्घाटन

विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेनू बाला गुप्ता ने गुरुवार को नगर निगम के वार्ड नं. 20 में पार्षद पद के प्रत्याशी सुधीर यादव के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान मेयर प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता के लिए विधायक जगमोहन आनंद ने वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्यमं?

करनाल सी.एम सिटी होने के बाद भी विकास कार्यों में रहा पीछे : कुमारी सैलजा

करनाल, सुखविन्द्र सोही

करनाल। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि हरियाणा के नगर निगम चुनावों में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता मजबूती के साथ खड़ा है। भाजपा पर निशाना साधते हुए कुमारी शैलजा ने कहा कि करनाल सीएम सिटी होने के बाद भी जो यहां पर विकास कार्य होना चाहिए था वह विकास कहीं नजर नहीं आया। बहुत सी खामियां आज भी देखने को मिल रही है। करनाल सिटी में आए दिन घोटालों पर घोटाले देखने को मिल रहे है और पहले भी मिले है। कांग्रेस ने इन सभी मुद्दों को जनता के बीच उठाया। आज करनाल के हर वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है चाहे बात गली की हो या फिर सडको की या फिर स्वच्छ पानी देने की हो। ये सभी सुविधाओं से हर वार्ड वासी परेशान और हताश दिखाई दे रहे है। सरकारी दफ्तरों में लोग अपनी शिकायतें लेकर खड़े है लेकिन उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पा रहा है। इसलिए अब समय है जब करनाल की जनता ईमानदार सरकार चुने और मनोज वधवा को मेयर बनाकर नगर निगम में भेजने का काम करें ताकि लोगों को जो परेशानी हो रही है उनसे निजात मिल सके। वहीं कुमारी शैलजा ने मनोज वधवा के मेयर प्रत्याशी बनने पर लोगों में खुशी दिखाई दे रही है। वह काम करने का भी जज्बा रखते है। मनोज वधवा का लोगो से मिलना जुलना रहता है और करनाल की जनता इनसे भली भांति वाकिफ है। करनाल के लोगों के सुख-दुख में ये हमेशा उनके साथ खड़े रहे है। उन्होने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता इनका चुनाव अपना चुनाव देखकर लड़ रहा है साथ ही कुमारी सैलजा ने सभी कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए वोट की अपील भी की। इस मौके पर मेयर पद के प्रत्याशी मनोज वधवा ने कहा कि कांग्रेस जन बल के भरोसे चुनाव लड़ रही है।

तीन नये कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित की गई ट्रेनिंग

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। तीन नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को लेकर आज यहां जिला सचिवालय में ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग में करनाल न्यायालय के सभी न्यायाधीश व जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। ट्रेनिंग में न्याय श्रुति, ई-समन, ई-साक्ष्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एनआईसी उप निदेशक(सामान्य) शशि कांत शर्मा ने तीन नये कानूनों-भारतीय नागरिक सुरक्षा संहित, भारतीय न्याय संहित और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने क्रियान्वयन को लेकर आ रही दिक्कतों संबंधी सवालों के जवाब दिये। साथ ही कहा कि इन कानूनों को लागू करने का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित न्याय प्रदान करना है। उपनिदेशक ने बताया कि नये कानूनों को लागू करने के लिये पायलट तौर पर यहां की दो अदालतों-जिला सत्र न्यायालय और ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट कोर्ट का चयन किया गया है। इनमें जल्दी ही जरूरी डिजीटल उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे। श्री शर्मा के अनुसार न्याय श्रुति ऐप के माध्यम से सभी अदालतों, जेल, पुलिस थाने, फोरेंसिक लैब को जोड़ा जायेगा। उन्होंने बताया कि ई-साक्ष्य के लिये अपराध स्थल का वीडियो और फोटो जरूरी है जिन्हें 48 घंटे के भीतर कोर्ट में प्रस्तुत करना होगा।

उन्होंने कहा कि नये डिजीटल प्लेटफॉर्म और कानूनों के माध्यम से न्याय प्रणाली में अपेक्षित सुधार संभव है। बैठक में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, एडीजे, सीजेएम, जेएसआईसी, आईजी पुलिस कुलदीप सिंह, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी गंगाराम पूनिया, एसपी जेल लखवीर बराड़, डीआईओ एनआईसी कमल त्यागी, जिला न्यायवादी पंकज सैनी आदि मौजूद रहे।

फैमली आईडी में आय कम करवाने वाले अशोक कुमार वासी धर्मगढ़ की जांच के दिए निर्देश, प्रशासन को गुमराह करने पर होगी एफआईआर दर्जः उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। मुख्यमंत्री नायब सिंह द्वारा प्रदेश की प्रगति को लेकर जो निर्णय लिये जा रहे है निश्चित रूप से उनमें जनता का हित समाहित है। लोगों की इच्छाओं के अनुरूप हो रहे कार्य से विकास के मामले में प्रदेश की मजबूत पहचान बन रही है। वीरवार को जिला सचिवालय के सभागार में नियमित रूप से आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर में जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि जो प्रार्थी समाधान शिविर में फैमली आईडी में अपनी इनकम कम करवाने के लिए प्रार्थना पत्र दे रहे है उनकी पहले विभाग जांच करेगा व गलत मिलने पर उनके खिलाफ प्रशासन को गुमराह करने की अवेज में एफआईआर दर्ज करवायेगा। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे न्यायालय में गवाही से संबंधित मामलों को लेकर जिला सचिवालय में एनआईसी द्वारा 424 कमरे में जो सैटअप लगाया गया है वहां वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय से संबंधित मामलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकते है। कोई अधिकारी व कर्मचारी अब इन आदेशों की अवहेलना करेगा तो उसकी एक दिन की सैलरी काटेगी। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि शिविर में जो लोग समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है उन्हें अपनी समस्य

कपिल गुप्ता एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त

नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सौंपा नियुक्ति पत्र

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ समाजसेवी कपिल गुप्ता को फाउंडेशन का इंटरनेशनल डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने कपिल गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कपिल गुप्ता ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे, उन्होंने कहा कि वह फाउंडेशन के चैरिटी प्रोजेक्ट में विशेष भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि कपिल गुप्ता करनाल के जाने माने वरिष्ठ समाजसेवी हैं जोकि कई वर्षों से समाज सेवा के कार्य कर रहें हैं। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देशभर में अवेयरनेस अगेंस्ट करप्शन के लिए कार्य कर रहा है। फाउंडेशन की टीम देश के सभी राज्यों में स्थित है। फाउंडेशन द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के माध्यम से शिक्षण संस्थानों में करप्शन फ्री इंडिया शीर्षक पर भाषण,स्लोगन, ड्राइंग, निबंध आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, हस्ताक्षर अभियान चलाए जाते हैं एवं सत्यनिष्ठा शपथ अभियान के माध्यम से लोगों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई जाती हैं एवं उनसे सत्यनिष्ठा की शपथ के फॉर्म भरवाएं जाते हैं। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा देश भर में सच्चाई एवं ईमानदारी से जीवन जीने का संदेश प्रसारित किया जाता है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को भ्रष्टाचार उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृ

करनाल के कुशल मार्गदर्शन में एक मेगा कैंप आयोजित किया गया

करनाल बीटू संधू

करनाल। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, हरियाणा के दिशा निर्देश व उत्तम सिंह, आईएस, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेड क्रॉस करनाल के कुशल मार्गदर्शन में एक मेगा कैंप आयोजित किया गया। माता सुंदरी खालसा गर्ल कॉलेज, निसिंग के प्रांगण में एक नशा मुक्ति पर सेमिनार आयोजित किया जिसमे कुलबीर मालिक, सचिव और डॉ. चरणजीत कौर द्वारा छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कैसे नशा हमारे युवाओं को अपनी चपेट में ले रहा है और जिससे हमें शारीरिक,मानसिक और फाइनेंशियल हानि हो रही हे। नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर नारकोटिक्स विभाग की टीम की कार्यवाही कर रही हे लेकिन जब तक हमारा युवा वर्ग जागरूक नहीं होगा तब तक हम इस नशे को जड़ से खत्म नहीं कर सकते। आज इस परिसर से हम सब शपथ ले की ना नशा करेंगे ना नशा करने देंगे। और रेडक्रास द्वारा बच्चो को मुफ़्त स्टेशनरी भी मुहिया करवाई गई। इसी कड़ी में यूथ रेड क्रॉस, माता सुंदरी खालसा कालेज ने एक रक्तदान शिविर भी आयोजित किया। जिसमें कालेज स्टाफ और हमारी बेटियों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। डॉ. संजय वर्मा, इंचार्ज ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया। जिला रेड क्रॉस करनाल द्वारा कॉलेज परिसर में यूथ रेडक्रॉस की छात्राओं को डिजास्टर मैनेजमेंट में बेसिक फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई ताकि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमारे युवा ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षित हो। डॉ. चरणजीत कौर, गाइनेकोलॉजिस्ट, अमृतधारा हॉस्पिटल ने लड़कियों को हाइजीन हेल्थ के प्रति मोटिवेट किया। प्रिंसिपल माता सुंदरी खालसा कालेज डॉ. सत्वंत कौर ने कॉलेज परिसर में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद किया।

रेड कास सोसायटी में वर्कर्स के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चन्द्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वर्ल्ड डे आफ सोशल जस्टिस के उपलक्ष में रेड कास सोसायटी में वर्कर्स के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. इरम हसन रेड क्रॉस सोसाइटी पहुंचने पर सचिव कुलबीर मलिक ने उनका स्वागत किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डा. इरम हसन ने उपस्थित वर्क्स से बातचीत की और उन्हें उनके अधिकारो से अवगत करवाया। इसके अलावा उन्होंने उपस्थित वर्क्स को कैम्पेन सखी कैम्पेन स्वच्छता सखी बारे जानकारी देते हुए महिलाओं को मासिक धर्म संबधित भ्रमों से दूर रहने व स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए सैनिटरी नैपकिन का प्रयोग करने बारे प्रेरित किया।

यूनाइटेड फॉर्म आफ बैंक यूनियनस के आह्वान पर 24 व 25 मार्च को की जाएगी देशव्यापी हड़ताल

- हड़ताल की सफलता को लेकर बैठक में बनाई रूपरेखा

बैठक में मौजूद यूनाइटेड फॉर्म आफ बैंक यूनियनस के पदाधिकारी।

कुरुक्षेत्र, फरवरी। सभी कैडर्स में पर्याप्त भर्ती करना व सभी अस्थायी कर्मचारियों को नियमित किया जाना। बैंकिंग उद्योग में 5 दिवसीय कार्य सप्ताह का कार्यान्वयन। परफॉर्मेंस समीक्षा और पी.एल.आई. पर डी.एफ.एस. के हालिया निर्देशों को तत्काल वापस लिया जाए जो नौकरी की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, कर्मचारियों और अधिकारियों के बीच विभाजन और भेदभाव पैदा करते हैं, 8वें संयुक्त नोट का उल्लंघन करते हैं और पी.एस.बी. की स्वायत्तता को कमजोर करते हैं। अनियंत्रित बैंकिंग जनता द्वारा हमले, दुर्व्यवहार के विरुद्ध बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों की सुरक्षा आदि मांगों को लेकर यूनाइटेड फॉर्म आफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर भारत में बैंकों में 24 व 25 मार्च को होने वाली हड़ताल व विभिन्न आंदोलनात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कुरुक्षेत्र इकाई ने एक निजी होटल में विभिन्न बैंकों की यूनियंस के लीडर्स व सक्रिय कामरेड्स की एक मीटिंग आयोजित की गई।

मंडल कार्यालय समक्ष किया जाएगा प्रदर्शन 21 को

आंदोलन की रूप रेखा बारे राय सिंह ने बताया कि यू.एफ.बी.यू. के बैनर तले 21 फरवरी को कुरुक्षेत्र में पंजाब नैशनल बैंक के पिपली रोड पर स्थित मंडल कार्यालय के सामने शाम को 5.15 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। 28 फरवरी को सभी बैंककर्मी काले बैज लगाकर काम करेंगे। 3 मार्च को दिल्ली में संसद के समक्ष धरना और वित्त मंत्री, डी.एफ.एस. को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 7 मार्च को कुरुक्षेत्र के सैक्टर 13 में भारतीय स्टेट बैंक के आर.बी.ओ. के सामने शाम 5.15 बजे पुनः प्रदर्शन किया जाएगा। 11 मार्च को फिर से कुरुक्षेत्र में पंजाब नैशनल बैंक के पिपली रोड पर स्थित मंडल कार्यालय के सामने शाम को 5.15 बजे प्रदर्शन किया जाएगा। इसी क्रम में 21 मार्च को कुरुक्षेत्र सैक्टर 13 में भारतीय स्टेट बैंक के आर.बी.ओ. के सामने से एक रैली निकाली जाएगी, जो टेलीफोन एक्सचेंज, मोहन नगर चौंक से होते हुए वापिस आएगी। यदि इस आंदोलन से बैंककर्मियों की मांगे नहीं मानी जाती तो 24 व 25 मार्च को दो दिन की पूरे देश में बैंकों में हड़ताल की जाएगी। ज्ञात हो कि 22 मार्च (चौथा शनिवार) व 23 मार्च (रविवार) को अवकाश सहित बैंक लगातार चार दिन बंद रहेंगे। इस मीटिंग में राय सिंह के अतिरिक्त दीपक गर्ग, पंकज कुमार, जसपाल सिंह, प्रीतम कुमार, हाकम चौधरी, विनोद अरोड़ा, विकास जावा, विकास श्योकंद, संदीप कुमार, सुरेश कुमार, मोहित सैनी, हितेंद्र सैनी व राजेश मौजूद रहे।

घर से छुट्टी बिताकर लौटे फायर बिग्रेड के सिपाही ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ कोंच(जालौन)

फायर स्टेशन कोंच में सिपाही के पद पर तैनात राजेश बाबू यादव उम्र 55 वर्ष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सीओ प्रभारी निरीक्षक सहित सीओ फायर और फॉरेंसिक टीम ने परिजनों की मौजूदगी में सरकारी आवास के कमरे का दरवाज़ा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बिचौली थाना सहायल तहसील दिबियापुर निवासी राजेश बाबू यादव 55 वर्ष पुत्र बटेश्वर दयाल फायर सब स्टेशन कोंच में सिपाही के पद पर बीती जुलाई 2024 में स्थानांतरित होकर आए थे। वह तहसील के पास बने फायर सब स्टेशन की पहली मंजिल पर बने सरकारी कमरे में रहते थे। स्टाफ सदस्यों ने बताया कि बीते 3-4 दिन पहले ही वह अपने घर से वापस लौटे थे। मंगलवार की रात्रि वॉचमैन की ड्यूटी पूरी कर वह अपने कमरे में सोने के लिए चले गए तथा कमरे की अंदर से कुंडी बंद कर ली और कमरे में लगे पंखे से लुंगी के सहारे फांसी लगा ली। बुधवार की सुबह उनकी वॉचमैन के रूप उसकी पुनः ड्यूटी थी जबकि स्टाफ के कुछ सदस्यों की सुनाया में होने वाले प्रधान पद के लिए उपचुनाव में ड्यूटी लगी हुई थी जिसको लेकर स्टाफ़ सदस्यों ने उन्हें जगाने के लिए दरवाज़ा खटखटाया लेकिन अंदर से काफी देर तक कोई जबाब नहीं मिला। स्टाफ़ सदस्यों ने पिछले हिस्से पर स्थित खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो वह फांसी पर झूल रहे थे।स्टाफ सदस्यों ने घटना की जानकारी विभागीय अधिकारियों सहित कोतवाली पुलिस को दी जिसके बाद क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी,प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय, खेड़ा चौकी प्रभारी संतराम कुशवाहा और क्षेत्राधिकारी फायर डॉ मतलूब हुसैन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूचना देकर राजेश बाबू के परिजनों को बुलवाया जिसके बाद कमरे की कुंडी तोड़कर दरवाज़ा खोला गया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया गया मृतक सिपाही के पत्नी उर्मिला सहित 2 पुत्र पवन और छोटू हैं जबकि 2 विवाहित पुत्रियां हैं। उनकी नियुक्ति 5 मार्च 1991 को हुई थी। स्टाफ़ सदस्यों ने बताया कि घर से वापस आने के बाद से वह यहां किसी से ज्यादा बात भी नहीं कर रहे थे और कुछ तनाव में नजर आ रहे थे। फ़िलिहाल उक्त घटना से पूरे घर में मातम छा गया वही स्टाफ़ में भी साथी की मौत पर शोक देखा गया।पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

इनका कहना है कि....

सीओ फायर ने बताया अब तक जो जांच में पाया गया उससे यह पता चला है कि उनकी बड़े बेटे पवन से लडाई झगड़े की घटनाओं में संलिप्त रहने और पारिवारिक कलह से तनाव में आकर फायर सिपाही रमेश बाबू ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है।

पुलिस विभाग में भी दागी, हम उन पर भी कार्रवाई करेंगे : एडिशनल सीपी

दागी अधिवक्ताओं के बाद दागी पुलिस कर्मियों की संख्या हुई जारी

■ कानपुर

मंगलवार को कमिश्नरेट पुलिस ने अपने 160 पुलिसकर्मियों के विरुद्ध परिनिंदा प्रविष्टि की कार्यवाही करते हुए दंडित किया। 21 पुलिस कर्मियों पर स्त्रढ्ढक्र भी हुई दर्ज है।

एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने जानकारी दी कि उनके मुताबिक 2024 से लेकर अब तक के ये दागी पुलिसकर्मी है ।

ज्ञात हो कि पिछले दिनों पुलिस ने लगभग सौ की संख्या में उन अधिवक्ताओं की लिस्ट जारी की जो अपराध जमीनों पर गलत तरीके से कब्जे व अन्य अपराध में लिप्त में लिप्त है। इसके बाद आक्रोश जताते हुए अधिवक्ताओं की संस्था बार और लायर्स एसोसिएशन के द्वारा दागी पुलिस कर्मियों की लिस्ट जारी करने के लिए दबाव बनाया गया था ।

एडिशनल सीपी के मुताबिक 2024 से लेकर अब तक मारपीट, जालसाजी और दुष्कर्म जैसे अन्य आरोपी से घिरे 21 पुलिस कर्मियों के विरुद्ध स्त्रढ्ढक्र दर्ज की गई है। इसमें एसीपी कलक्टरगंज मोहसिन खान के साथ-साथ ,दो एसआई, 10 हेड कांस्टेबल,8 कांस्टेबल शामिल है।आरोपो से घिरे सभी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध विभागीय जांच हुई शुरू हो गई है। आरोपो से घिरे 160 पुलिस कर्मियों पर लापरवाही अनुशासनहीनता लंबे समय से गैर हाजिर जैसे आरोपों में दोषी पाए जाने पर उन्हें परिनिंदा प्रविष्टि के तहत दंडित किया गया।इसमें इंस्पेक्टर, एस आई, कांस्टेबल और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल है।

160 पुलिस कर्मियों में पूर्वी जोन के 89, पश्चिमी जोन के 41, साउथ जोन के 37, सेंट्रल जोन के 24, ट्रैफिक विभाग के तीन पुलिसकर्मी दोषी पाए गए हैं।जिन्हें जांच अधिकारियों ने परिनिंदा प्रविष्टि कानून के तहत दंडित किया है।

ट्रैक्टर-ट्राली से कुचलकर युवक की मौत

■ कोंच(जालौन)

मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी सुरेंद्र कुशवाहा उम्र 36 वर्ष पुत्र राम शंकर कुशवाहा खरीददारी करने के लिए अपनी पत्नी रामलली और मयंक को साथ लेकर बाइक से कोंच आया हुआ था। सुरेंद्र का साला प्रवेश कुशवाहा पुत्र वृंदावन निवासी ग्राम सेरसा भी अपनी पत्नी प्रियंका को साथ लेकर अपनी बाइक से कोंच आया हुआ था। मंगलवार की देर शाम खरीददारी करने के बाद सभी लोग सागर चौकी तिराहे पर मोमोस खा रहे थे। मोमोस खाने के बाद सुरेंद्र अपनी बाइक पर बैठकर बाइक स्टार्ट कर रहा था तभी वह ट्रेक्टर की ट्रॉली के पहिये के नीचे आकर कुचल गया। गंभीर हालत में राहगीरों की मदद से सुरेंद्र

को एक निजी नर्सिंग होम ले जाया गया जहाँ से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।बताया गया मृतक के 4 बच्चे हैं और वह मजदूरी करता था। घटना की सूचना लगते ही मृतक के परिजन सीएचसी पहुंच गए।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रेक्टर ट्रॉली पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया है जबकि चालक मौके से भाग गया। ट्रेक्टर ग्राम बसीठ के किसी व्यक्ति का बताया जा रहा है।

न्यायिक अधिकारियों ने आश्रय-गृहों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा

■ उरई

उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार दिनांक 19.02.2025 को न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित ''वृद्धाश्रम'' एवं मु0 लहरियापुरवा स्थित ''आश्रय-गृह'' का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा।

सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में

निरीक्षण के दौरान 110 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार सभी कर्मचारी उपस्थित मिले।

वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफ नर्स उपस्थित थीं। संवासियों की चिकित्सा/ प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवायें मिली। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई।

नगर पालिका परिषद उरई जनपद जालौन के सहयोग से मु0 लहरियापुरवा में लखनऊ के एन0जी0ओ0 द्वारा संचालित आश्रय गृह (शेल्टर होम) में न्यायिक अधिकारियों ने विभिन्न बिन्दुओं पर जांच-पड़ताल की। निरीक्षण समय में रात्रिकालीन स्टाफ व प्रबन्धक को छोड़कर समस्त कर्मचारी उपस्थित मिले। जिसके बारे में पूछे जाने पर केयर टेकर द्वारा बताया गया कि प्रबन्धक नगर पालिका परिषद उरई गये हुये हैं। यहां की आश्रित पंजिका में निरीक्षण तिथि में कोई भी आश्रित उपस्थित नहीं मिला। यहां के कमरों का निरीक्षण करने पर कही-कही पर मकड़ी के जाले लगे मिले। जिसके बारे में पूछे जाने पर आश्रय गृह केयर टेकर द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई का कार्य चल रहा हैं।

निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम शिवकुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज राजीव सरन एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे शामिल रहे तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

एसडीएम ने किया मत्स्य पालन केंद्र का निरीक्षण,अव्यवस्था देख दिए निर्देश

■ कोंच(जालौन)

उपजिलाधिकारी ने प्रभारी तहसीलदार के साथ मत्स्य पालन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा।

पहाड़गाँव रोड स्थित मत्स्य पालन केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह और प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने प्रवेश द्वार पर बनी पुलिया क्षतिग्रस्त देख इसके निर्माण कार्य के लिए नगर पालिका परिषद कोंच को पत्र लिखा।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान देखा कि केंद्र के अंदर टीन शेड के नजदीक अजगर है जिस पर एसडीएम ने वन विभाग को पत्र लिखकर अजगर को पकड़वाये जाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने मत्स्य पालन केंद्र में साफ़ सफ़ाई रखने व सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध रखने के लिए केंद्र पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिये।

नगर की समस्याओं को लेकर वामपंथी दलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

■ जालौन-उरई

नगर की समस्याओं को लेकर वामपंथी दलों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग की है। इसके साथ ही केंद्रीय बजट में वैकल्पिक प्रस्तावों को सम्मिलित कराने की मांग राष्ट्रपति से की है।

वामपंथी दलों के पदाधिकारी कामरेड कमलाकांत, आशाराम, कमलेश कुमार आचार्य, जहीर, रामकिशोर गुप्ता, रामऔतार साहू आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर में अनियमित तरीके से हाउस टैक्स बढ़ाया गया है, जिसे कम कराया जाए। नगर में प्राइवेट संस्थाओं में कार्यरत मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलाई जाए और उनका सर्वे कराकर पंजीयन कराया जाए। बिजली के निजीकरण पर रोक लगाई जाए और स्मार्ट मीटर लगाना बंद किए जाएं। नगर में विभिन्न मोहल्लों में बिछाई गई पाइप लाइनों के लीकेज को दुरूस्त कराया जाए और खोदी गई सड़कों को ठीक कराया जाए। नगर के चारों ओर फोर लेन की सड़कों से अतिक्रमण हटाया जाए। पथ विक्रेताओं के लिए स्थाई वेंडिंग जोन बनाया जाए। जिससे नगर की जनता जाम की समस्या से बच सके। इसके अलावा राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर बताया कि केंद्रीय बजट में वैकल्पिक प्रस्तावों के तहत देश के अरबपतियों पर चार फीसदी संपत्ति कर व कॉरपोरेट कर लगाया जाए। कृषि उपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए। सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों का निजीकरण बंद किया जाए।

मनरेगा आवंटन में 50 फीसदी की वृद्धि की जाए। शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम लागू किया जाए। पेट्रोलियम उत्पादों में उपकर और अधिभार समाप्त किया जए। चार श्रम कानून समाप्त कर 44 श्रम कानूनों को बहाल किया जाए।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ किसान की मौत

उरई । सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास में खेत पर अधेड़ किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम दमरास निवासी किसान सोनवीर 63 वर्ष पुत्र मुलू अन्ना जानवरों से अपनी अरहर की फसल बचाने के लिए खेत पर प्रतिदिन रात्रि में सोता था। बीती रात खेत की रखवाली करते समय अचानक किसान की तबीयत बिगड़ गई। जिसके चलते उसने अपने बाहर रह रहे तीन लड़कों को फोन पर सूचना दी। इसके बाद लड़कों ने अपने घर मां और छोटे भाई को पिता की तबीयत खराब की सूचना दी। जिस पर छोटा पुत्र बिना देर किये खेत पर पहुंचा, लेकिन तब तक किसान की मौत हों चुकी थी।

लोक निर्माण विभाग का कैशियर घूस लेते पकड़ा गया

■ उरई

झाँसी से आई एंटी करपशन टीम ने लोक निर्माण विभाग के कैशियर को लगें हाथों रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया हैं, कैशियर संजीव साहनी की इटावा के एक फर्म संचालक द्वारा जमा धनराशि रिलीज कराने के लिये 20 हजार रिश्वत मागने की शिकायत की थी, जिस पर एंटी करपशन टीम ने उसे 20 हजार के नोट पाउडर लगा कर दियें, आज जब संचालक ने कैशियर को जैसे ही घूस दी, टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया, इस घटना से विभाग में हड़कंप मच गया।

ग्राम सुनाया प्रधान उप चुनाव के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान संपन्न

■ कोंच(जालौन)

कोंच ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुनाया में प्रधान के रिक्त चल रहे पद पर उपचुनाव के लिए जारी निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बुधवार को पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई। कुल 1449 मतदाताओं में से 874 मतदाताओं ने वोट डाले। मतदान पूरा होने के बाद प्रधान पद के दोनो प्रत्याशी दिलीप कुमार और मानवेंद्र का भाग्य मतपेटियों में कैद हो गया है।ग्राम सुनाया स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदान के लिए 2 बूथ बनाये गये थे। कक्ष संख्या 1 बूथ संख्या 64 में पीठासीन अधिकारी

मनोज कुमार की देखरेख में वार्ड 1 से लेकर 5 तक के कुल 711 महिला पुरुष मतदाताओं में से शाम 5 बजे तक 421 और कक्ष संख्या 2 बूथ संख्या 65 में पीठासीन अधिकारी देवेंद्र कुमार की देखरेख में वार्ड 6 से लेकर 11 तक के कुल 738 महिला पुरुष मतदाताओं में 453 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।कुल 60.30 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। मतदान समाप्ति के बाद उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह,क्षेत्राधिकारी डॉ देवेंद्र पचौरी और प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र पटेल नायब तहसीलदार शादउल्ला ने मतपेटियां सील कराकर स्ट्रॉन्ग रूम खंड विकास कार्यालय के लिए पोलिंग पार्टी के साथ रवाना करायी।एसडीएम ज्योति सिह ने बताया कि उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान संपन्न कराने में सुरक्षा व्यवस्था के लिए थानाध्यक्ष कैलिया राजीव कुमार बैस,अतरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, उपनिरीक्षक विनीत कुमार,साजित खान,जयवीर सिंह सहित पुलिस बल मतदान स्थल पर मुस्तैदी से डटा रहा। 21 फरवरी को सुबह 8 बजे से खंड विकास कार्यालय में मतगणना सम्पन्न की जाएगी।

बहन को डरा धमकाकर भगा ले जाने की शिकायत की

जालौन-उरई। बहिन को डरा धमकाकर भगा ले जाने की शिकायत भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को बताया कि उसकी उरई कोतवाली क्षेत्र के मगरायां निवासी योगेश कुमार का उसके गांव में आना जाना था। उसने उसकी 16 वर्षीय बहिन को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। जब उसे यह बात पता चली तो उसने बहिन को समझाया बुझाया। जिसके बाद बहिन ने युवक से बात करना बंद कर दिया। पीड़ित भाई ने आरोप लगाया कि 17 फरवरी को युवक ने गांव में आकर बहिन को डराया धमकाया और बहिन को अपने साथ भगा ले गया। भाई ने बहिन की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

अवैध हूटर लगे वाहनों को बंद कराने की मांग एसपी से की

■ जालौन-उरई

बाजार व सड़कों पर भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रौब झाड़ने के लिए तेज आवाज में हूटर बजाकर गाड़ियां निकलती है। हूटर का आवाज सुनकर राहगीर परेशान हो जाते हैं। नगर में अवैध रूप से हूटर लगे वाहनों का संचालन होने के बाद भी इनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। नगर के लोगों ने अवैध हूटर लगे वाहनों को बंद कराने की मांग एसपी से की है।

देश की सर्वोच्च अदालत ने वाहनों में जाति लिखना गैर कानूनी बता दिया है। इसके बाद भी नगर की सड़कों पर दौड़ते तमाम वाहनों पर जाति लिखा हुआ है। इसके साथ ही नगर में प्रेस, पुलिस लिखे वाहनों की भरमार है। इसके अलावा नगर में दौड़ते चार पहिया वाहनों में अवैध रूप से हूटर लगे हुए हैं। बाजार में भीड़भाड़ वाले इलाकों में वाहन चालक रौब झाड़ने के लिए हूटर बजाकर निकलते हैं। लंबे समय से सरकारी नियमों व मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन कर ऐसे वाहनों का संचालन हो रहा है। रौब झाड़ने व लोगों को प्रभावित करने वाले शब्दों व हूटर का अवैध रूप से प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद भी ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई न होने से इस प्रकार के वाहनों का संख्या लगातार बढ़ रही है।

अधिवक्ता उमेश दीक्षित, जयकिशोर याज्ञिक, बादाम सिंह यादव, बटुकनाथ शुक्ला आदि ने एसपी से मांग करते हुए कहा कि नगर में सर्वोच्च अदालत की रोक के बाद हूटर लगाकर चल रहे वाहनों पर रोक लगायी जाए, जिससे यातायात सुगम हो सके।

हार जीत की बाजी लगाते चार गिरफ्तार

जालौन-उरई। सार्वजनिक स्थान पर हार जीत की बाजी लगा रहे चार लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा है। जिनके खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र पटेल को सूचना मिली कि मोहल्ला शाहगंज स्थित एक मजार के पास कुछ लोग हार जीत की काबजी लगा रहे हैं। सूचनार्ा मलते ही उन्होंने एसआई राजेश वशिष्ठ को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही वहां हार जीत की बाजी लगा रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से वशीर, वसीम, फीरोज व शब्बीर खान निवासीगण शाहगंज को पकड़ लिया।

परीक्षाएं नकल विहीन कराने एवं परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का एसडीएम ने किया निरीक्षण

जालौन-उरई। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं नकल विहीन कराने एवं परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम ने आधा दर्जन परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक निर्देश दिए।आगामी 24 फरवरी से 12 मार्च तक आयोजित होने वाली उप्र माध्यमिक शिक्षा बोर्ड प्रयागराज की परीक्षाओं को कुशलतापूर्वक निपटने के लिए प्रशासन के द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं। इसी देखते हुए एसडीएम विनय मौर्य ने ने जालौन बालिका इंटर कॉलेज जालौन, पंडित स्वरूप नारायण इंटर कॉलेज, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंभीर सिंह इंटर कॉलेज छिरिया सलेमपुर, जनता इंटर कॉलेज सिरसाकलार, मां विंध्यवासिनी इंटर कॉलेज सिरसाकलार और दीवान महाराज सिंह इंटर कालेज जखा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश और शौचालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। परीक्षा केंद्रों पर साइकिल व बाइक स्टैंड बनाने एवं परीक्षा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश एसडीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को दिए।

वीआईपी प्रोटोकॉल 500, घाट से संगम पहुंच रहे 2500 श्रद्धालु, दो-दो घंटे करना पड़ रहा इंतजार

एजेंसी, प्रयागराज

महाकुंभ में प्रतिदिन 500 से अधिक वीआईपी प्रोटोकॉल जारी हो रहा है। जबकि, 2500 से अधिक लोग सिफारिश पर वीआईपी घाट पर स्नान करने के पहुंच रहे हैं। वीआईपी एवं अन्य के लिए बीस मेला प्राधिकरण और जल पुलिस और 30 किराये पर नाव लगाई गई है। इसमें जिनकी सिफारिश तगड़ी है, उन्हें तुरंत नाव की सवारी मिल जाती और जिनकी नहीं है उन्हें ज्यादा समय तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है। वीआईपी घाट पर कुछ ऐसे लोग सक्रिय हैं जो लोगों से हजार से लेकर दो हजार की वसूली कर सेटिंग से पुलिस बैरियर पार करा देते हैं।

जाम की चपेट में रहा शहर, नए यमुना पुल पर लगी वाहनों की लंबी कतार

शहर के कई हिस्से बुधवार को भी भीषण जाम से जूझते नज़र आए। लेप्रेसी चौराहे से तीन किलोमीटर पहले से पूरे नए यमुना पर भी सुबह से ही वाहन सड़कों पर रेंगते रहे। सामान्य तौर पर बाइक और कार से किया जाने वाला करीब 15 मिनट का सफर तय करने में दोघंटे से ज्यादा वक्त लगता रहा। इस

दौरान पुल पर चित्रकूट से प्रयागराज जा रही एक एंबुलेंस भी जाम में फंसी रही। एंबुलेंस से एक महिला को इलाज के लिए प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस में मौजूद छवि कुमार ने बताया कि उनकी चाची सड़क हदासे में घायल हो गई थीं। वह चित्रकूट में चार पहिया वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई हैं। उन्हें इलाज के लिए चित्रकूट के एक अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन हालत ठीक नहीं होने की वजह से उन्हें प्रयागराज के स्वरूपरानी नेहरु अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन, यहां आने के दौरान भीषण जाम लगने से उन्हें अस्पताल पहुंचा पाना मुश्किल हो गया। नए यमुना पुल पर जाम के चलते स्थानीय लोग और महाकुंभ मे आ रहे श्रद्धालू भी बेहद परेशान हुए। नैनी इलाके में कपड़ा कपड़े का कारोबार करने वाले राकेश चंद्र दुबे ने कहा कि जाम की वजह से हर दिन परेशान होना पड़ रहा है। नैनी से सिविल लाइंस क्षेत्र में जाने का था, लेकिन करीब डेढ़ घंटे से पुल पर ही हूं। जाम के चलते हमारा कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो गया है। जनरल स्टोर की दुकानों में कई सामानों की किल्लत हो गई।

महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश के अफसरों ने समझी भीड़ प्रबंधन की बारीकियां

महाकुंभ नगर। नासिक से 20 और मध्य प्रदेश पुलिस के 30 अफसरों की टीम ने महाकुंभ में भीड़ प्रबंधन का गुर जाना। अफसरों ने मेला प्रशासन से विस्तृत चर्चा और मेला का भ्रमण कर जमीनी हकीकत भी जानी। नासिक के संभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीन गेडाम की अगुवाई में अफसर पहुंचे हैं। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने विस्तृत जानकारी दी। टीम में विशेष पुलिस महानिरीक्षक दत्तात्रय कराले, डीएम जलज शर्मा, नगर आयुक्त मनीषा खत्री, सीईओ माणिक गूर्सल समेत त्रंबकेश्वर प्रशासन के अधिकारी भी शामिल हैं। वहीं, मप्र के 10 आईपीएस व 19 डिप्टी एसपी आए हैं। इनमें नौ महिला भी शामिल हैं। मंगलवार को इन अफसरों ने अलग-अलग स्थानों पर पहुंचकर भीड़ प्रबंधन के गुर सीखे। पांटून पुलों पर पहुंचकर यातायात व्यवस्था देखी तो कमांड सेंटर में पहुंच जाना कि कैसे कई किमी के एरिया में फैले मेला क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर दिन-रात निगरानी की जा रही है। यहां से मिलीं जानकारियां 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ कुंभ के आयोजन में बेहद मददगार साबित होंगी। टीम में शामिल अफसर मप्र पुलिस अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह दल एडिशनल एसपी नीरज पांडेय के नेतृत्व में यहां पहुंचा है।

भाजपा ने तो बना दी मुख्यमंत्री अब केजरी की पार्टी में भगदड़

स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल को लिखा है कि वह दलित को विपक्ष का नेता बनाने का वायदा निभाएं।

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के आंतरिक बैठकों में आजकल ज्ञान शब्द की चर्चा करते हैं। मोदी ने उन चार वर्गों को जोड़ कर ज्ञान शब्द का इजाद किया है, जिन्हें वह अपनी प्राथमिकता पर रखते हैं। इनमें आते हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। राहुल गांधी 54 साल के हैं, कुछ लोग उन्हें युवा नेता कहते हैं, उस लिहाज से देखा जाए तो दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 50 साल की हैं। रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री बनने से मोदी के ज्ञान की चार में से दो शर्तें पूरी हो गई हैं। विद्यार्थी परिषद पृष्ठभूमि की रेखा गुप्ता पहली बार विधायक चुनी गई है। देश में इस समय एक ही महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी थी। भाजपा ने दूसरी महिला मुख्यमंत्री बनाकर आधी आबादी को संदेश दिया है। हालांकि, नरेंद्र मोदी इससे पहले भाजपा की आंतरिक बैठकों में महिलाओं को भाजपा का सबसे बड़ा साइलेंट वोटर कहते रहे हैं, लेकिन किसी भी राज्य में महिला मुख्यमंत्री नहीं बनाई थी। राजस्थान और छतीसगढ़ में दो महिला उपमुख्यमंत्री जरुर हैं।

रेखा गुप्ता का सिर्फ विद्यार्थी परिषद ही नहीं, बल्कि पिछले तीन दशक से संघ परिवार के संगठनों से भी उनका जुड़ाव रहा है। 1996 में वह दिल्ली विश्विद्यालय की अध्यक्ष रही हैं। अरविंद केजरीवाल से उनकी दो समानताएं है, केजरीवाल की तरह उनका जन्म भी हरियाणा में हुआ है और केजरीवाल की तरह वह भी वैश्य समाज से आती हैं। बहुत अटकलें लगाई जा रही थी कि क्योंकि पूर्वांचलियों ने केजरीवाल को हराने और भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई है, इसलिए कोई पूर्वांचली मुख्यमंत्री होगा। अटकल यह भी थी कि पूर्वांचली नहीं तो जाट बिरादरी के प्रवेश वर्मा मुख्यमंत्री होंगे, एक तो उन्होंने केजरीवाल को हराया है, दूसरे हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के जाट प्रभावित होंगे। आशीष सूद, सतीश उपाध्याय और विजेंद्र गुप्ता के नाम भी चल रहे थे। सबकी अपनी-अपनी विशेषताएं थीं, सभी संघ से भी जुड़े रहे हैं। लेकिन, भाजपा ने लंबी सोच को सामने रख कर मुख्यमंत्री चुना है। तय मानिए कि ये चारों ही रेखा सरकार के मंत्री बनाए जाएंगे। इनके अलावा दो मंत्रियों और तीन अन्य स्पीकर, डिप्टी स्पीकर और चीफ व्हिप के पद बचते हैं, जो समुदाय विशेष को सामने रख कर दिए जा सकते हैं। एक सिख और एक दलित समुदाय से होगा, एक उत्तराखंड और एक पूर्वांचली होगा।

भाजपा सरकार के सामने बड़ी चुनौतियां है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल पूरी दिल्ली में रायता फैलाकर गए हैं। रायता थोड़ा हल्का शब्द हो जाएगा, वह पूरी दिल्ली में गंदगी फैला कर गए हैं। सबसे पहला काम तो दिल्ली में टूटी सड़कों, सीवर लीक और दिल्ली में फैली गंदगी का है, भाजपा ने अगले तीन महीनों में दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने का लक्ष्य रखा है। एमसीडी इस समय आम आदमी पार्टी के कब्जे में है, अप्रैल में वह भी भाजपा के नियंत्रण में आ जाएगी, काम तभी स्पीड पकड़ पाएगा। अप्रैल में दिल्ली का नया महापौर चुना जाएगा, जो भाजपा का होगा। एमसीडी में भाजपा के 122 पार्षद हो चुके हैं, आम आदमी पार्टी के सिर्फ 119 पार्षद रह गए हैं। इसके अलावा पांच विधायकों पर एक पार्षद नियुक्त होता है, भाजपा के 10 विधायक पार्षद भी होंगे, ये कुल मिलाकर 137 संख्या हो गई है। जबकि, आम आदमी पार्टी के 119 पार्षदों में सिर्फ चार विधायक पार्षद बनेंगे, तीन सांसद मिलकर भी 126 बनते हैं। भाजपा ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही आयुष्मान योजना को लागू करने, केजरीवाल सरकार के सभी घोटालों की जांच के लिए एसआईटी का गठन करने, महिला सम्मान राशि का प्रस्ताव पास करने का फैसला किया है। यमुना की सफाई तो शुरू भी हो चुकी है। तीन साल की समय सीमा में पूरी करनी है।

आतिशी मार्लेना ने पत्रकार वार्ता करके कहा था कि भाजपा को 48 में से एक भी चेहरा मुख्यमंत्री बनाने लायक नहीं मिला, इसलिए भाजपा 10 दिन से मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाई। हालांकि, उन्हें तो यह सवाल उठाने का हक ही नहीं था, क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर भी चेहरा नहीं बनाया था। केजरीवाल उन्हें विपक्ष की नेता भी बनाएंगे या नही, पता नहीं। क्योंकि, उन्हें पार्टी में कोई पसंद नहीं करता इसलिए उनके नेता बनते ही पार्टी में भगदड़ मच जाएगी। पर सबसे बड़ी समस्या में तो केजरीवाल फंसे हैं, वह विपक्ष का नेता किसे बनाएंगे। जिस स्वाति मालीवाल ने केजरीवाल को हराने के लिए सारे घोड़े खोल दिए थे, उन्होंने लेटर बम फोड़ दिया है। उन्होंने केजरीवाल को लिखा है कि वह दलित को विपक्ष का नेता बनाने का वायदा निभाएं। वैसे भी आम आदमी पार्टी के 22 में से 8 विधायक दलित हैं। उन्होंने केजरीवाल को याद दिलाया है कि चुनाव के दौरान उन्होंने पंजाब में दलित उप मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था। वह वायदा तो निभाया नहीं, कम से कम दिल्ली में विपक्ष का नेता तो दलित बना दें। केजरीवाल को तो परेशानी हो ही रही होगी। आतिशी और गोपाल राय को रेस से बाहर कर दिया। न तो आतिशी मार्लेना दलित हैं, न गोपाल राय दलित हैं। चुनाव से पहले केजरीवाल पूछा करते थे कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा ही नहीं है। लेकिन, जो चेहरा चमका कर चल रहे थे, उनका क्या हाल हुआ, वह खुद ही चुनाव हार गए। अब तो उन्हें विपक्ष के नेता का चेहरा ढूंढना मुश्किल हो गया है।

33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद

संघर्ष विराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करेंगे नेतन्याहू

एजेंसी, गाजा

नेतन्याहू ने आधिकारिक तौर पर युद्धविराम समझौते के दूसरे चरण के लिए बातचीत शुरू करने का फैसला किया है। साथ ही फैसले के बारे में सुरक्षा कैबिनेट को सूचित किया है। इजरायल की सरकारी प्रसारण सेवा ने यह जानकारी दी है। 19 जनवरी से प्रभावी युद्धविराम समझौते के पहले चरण के तहत 2,000 फलस्तीनियों के बदले में 33 इजरायली बंधकों को रिहा किए जाने की उम्मीद है। दूसरे चरण में शेष बंधकों की रिहाई, फलस्तीनी क्षेत्र से इजरायली बलों की पूर्ण वापसी और स्थायी युद्धविराम के कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। वहीं, हमास ने कहा है कि गाजा युद्धविराम समझौते के दूसरे और तीसरे चरण को लागू करने के लिए वह तैयार है। हमास के प्रवक्ता हाजेम कासेम ने कहा कि उन्होने इजरायली बंधकों की संख्या को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की है। कासिम ने हमास से गाजा छोड़ने की इजरायली मांग को खारिज कर दिया और इसे मनोवैज्ञानिक युद्ध का हिस्सा बताया।

असम में कोयला खदान में फंसे सभी नौ खनिकों के शव बरामद

नई दिल्ली । असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे पांच और खनिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। खदान में लापता होने के 44 दिन बाद इन खनिकों के शवों को वहां से बाहर निकला गया है। बचाव अभियान के दौरान बुधवार देर शाम तीन शव बरामद किए गए, जबकि दो शव दिन में पहले बरामद किए गए थे। इस बरामदगी के साथ छह जनवरी को वहां फंसे सभी नौ खनिकों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

बांग्लादेशी क्षेत्रों में आईएसआई अधिकारियों की मौजूदगी बड़ी चिंता का विषय

सेना प्रमुख ने पाकिस्तान को लताड़ा

एजेंसी, नई दिल्ली

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत के 'चिकन नेक' क्षेत्र के पास पाकिस्तानी सेना और बांग्लादेशी क्षेत्रों में आईएसआई अधिकारियों की मौजूदगी बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने अगर नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दबाव बनाने की कोशिश की तो आक्रामकता दिखाने से हम भी नहीं चूकेंगे। जनरल द्विवेदी ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा कि भारत विरोधी तत्वों में इतनी क्षमता नहीं होनी चाहिए कि वह भारत में आतंकवादियों को भेजने के लिए इस

जमीन का इस्तेमाल कर सके। हाल ही में पाकिस्तानी सेना और आईएसआई के अफसर भारतीय सीमा के करीब बेहद संवेदनशील क्षेत्र बांग्लादेश में 'चिकन नेक' के पास पहुंच गए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें इस बात से चिंता हुई थी तो सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने सहमति से सिर हिला दिया। द्विवेदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि उन्होंने देश विशेष के लिए 'आतंकवाद का केंद्र' शब्द का इस्तेमाल किया है। पड़ोसी देश के लोगों को उस जमीन पर आतंकवादियों को भारत के खिलाफ भेजने के लिए नहीं इस्तेमाल करने दिया जाएगा। किसी देश के प्रशासन से रिश्तों को तभी परिभाषित किया जा सकता है जब वहां कोई निर्वाचित सरकार हो। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का एजेंडा केवल कश्मीर तक सीमित नहीं है।

5600 से ज्यादा हवाई सेवाएं प्रभावित

अमेरिका में ठंड का कहर, तूफान के चलते कई इलाकों में भारी बर्फबारी

एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के कई इलाकों में ठंड का कहर जारी है। बुधवार को उत्तरी कैरोलिना और वर्जीनिया के कुछ हिस्सों में तूफान आया, जिसकी वजह से भारी बर्फबारी हुई। बर्फबारी के चलते सड़कों पर सैंकड़ों दुर्घटनाएं रिपोर्ट हुईं। फिलहाल अधिकारियों ने हालात को देखते हुए लोगों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी है। अमेरिका के टेनेसी और ओहायो में पहले से ही ठंड का कहर जारी है। गौरतलब है कि टेनेसी और ओहायो पहले ही बाढ़ की समस्या से जूझ रहे हैं, अब ठंड ने लोगों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। अमेरिका के राष्ट्रीय मौसम सेवा विभाग ने आशंका जताई है कि गुरुवार को वर्जीनिया से अटलांटिक तट तक 25 सेंटीमीटर तक बर्फबारी होने की आशंका है। पूर्वी उत्तरी कैरोलिना में भी भारी बर्फबारी का अनुमान है। वर्जीनिया के हैंप्टन रोड्स क्षेत्र और उत्तर पूर्वी कैरोलिना में प्रति घंटे पांच सेंटीमीटर तक बर्फबारी हुई है। गुरुवार सुबह और भारी बर्फबारी की आशंका है। वर्जीनिया स्टेट पुलिस ने बताया कि बुधवार दोपहर तक 275 दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें कम से कम दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। दुर्घटनाओं के चलते उत्तरी कैरोलिना में भी कुछ हिस्से बंद कर दिए गए हैं। फ्लाइट-ट्रैकिंग साइट

फ्लाइटअवेयर डॉट कॉम के अनुसार, पूरे अमेरिका में लगभग 5,600 उड़ानें रद्द या उनमें देरी हुई। इनमें उत्तरी कैरोलिना के चार्लोट डगलस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से आने-जाने वाली 400 से अधिक उड़ानें शामिल हैं।

वर्जीनिया में तूफान के बाद आपातकाल के हालात

दूसरी ओर, ध्रुवीय भंवर ने मोंटाना से दक्षिणी टेक्सास तक के तापमान में भारी गिरावट ला दी। गौरतलब है कि कई ऐसे इलाकों में बर्फबारी हुई है, जहां आमतौर पर सर्दियों के मौसम में बर्फ नहीं पड़ती। ऐसे में लोगों ने इस पर हैरानी भी जताई है। बर्फबारी वाले इलाकों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। वर्जीनिया में पिछले सप्ताह आए तूफान के बाद से ही आपातकाल की स्थिति बनी हुई है। नेशनल गार्ड और राज्य एजेंसियों को स्थानीय सरकारों की मदद करने के लिए तैनात किया गया है। लोगों को घरों के भीतर ही रहने की सलाह दी जा रही है। पूर्वी अमेरिका में पिछले हफ्ते के अंत में आए तूफानों ने कम से कम 19 लोगों की जान ले ली, जिनमें केंटकी में 14 लोग शामिल हैं। दक्षिणी वेस्ट वर्जीनिया में, सप्ताहांत की बाढ़ ने मैकडॉवेल काउंटी में तीन लोगों की जान ले ली।

तपोनित्येन दान्तेन मुनिना संयतात्मना।
अजितं जेतुकामेन भाव्यं सङ्गेष्वसङ्गिना।।

अर्थात नित्य तप करे, मननशील होकर इंद्रियों का दमन करे। आसक्ति के आश्रयभूत देह-गेह आदि में आसक्त न होकर अजितं (परमात्मा) को जीतने अर्थात प्राप्त करने की कामना करें। **शांतिपर्व 189/14**

(परब्रह्म की प्राप्ति सम्बन्धी भरद्वाज-भृगु संवाद में भृगु का कथन)

संपादकीय

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार

बांग्लादेश की स्थिति किसी से छिपी हुई नहीं है। पहले तथाकथित छात्र आंदोलन की आड़ में कट्टरपंथी धड़ों ने बांग्लादेश में रह रहे हिन्दुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उनकी हत्याएं और लूटपाट की की। उसके बाद जब नोबेल पुरस्कार से सम्मानित और तथाकथित तौर पर प्रगतिशील एवं उदारवादी समझने जानेवाले मोहम्मद यूनुस के हाथ में सत्ता सौंप दी गई, उसके बाद भी हिन्दुओं और अल्पसंख्यकों को लक्षित करके निशाना बनाया गया। मोहम्मद यूनुस कट्टरपंथी ताकतों पर किसी प्रकार की लगाम नहीं लगा सके अपितु उसके हाथ की कठपुतली बन गए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जा रहा है, उसके सजीव चित्र निरंतर सामने आते ही रहते हैं, फिलहाल एक रिपोर्ट ने बांग्लादेश की यथास्थिति को सबके सामने पुनः ला दिया है। एक बार फिर बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरता एवं हिंसा की चर्चा प्रारंभ हुई है। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां सांप्रदायिक हिंसा में 32 हिंदुओं की जान चली गई। बलात्कार और

महिलाओं से उत्पीड़न के 13 प्रकरण सामने आए। लगभग 133 मंदिर हमलों का शिकार हुए। ये घटनाएं 4 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच हुईं। जब से बांग्लादेश में कट्टरपंथी खुलेआम हिंसा पर उतरे हैं, तब से आंकड़े देखे जाएं तो स्थिति और भयावह दिखायी देती है। यद्धपि यह आंकड़े इसलिए भी गंभीर हैं क्योंकि यह जो लक्षित हिंसा हुई है, वह मोहम्मद यूनुस की सरकार में हुई है। यह रिपोर्ट दो हिस्सों में बनायी गई है। काउंसिल के महासचिव मुनींद्र कुमार नाथ बताते हैं कि "बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान 4 अगस्त से 8 अगस्त के बीच अल्पसंख्यकों पर जबरदस्त हमले हुए। हमने इनका डेटा दो हिस्सों में तैयार किया है"। रिपोर्ट में दिए आंकड़ों का विश्लेषण करें तो ध्यान आएगा कि पहले हिस्से में 4 अगस्त से लेकर 20 अगस्त 2024 के बीच 15 दिनों की घटनाएं हैं, जब बांग्लादेश में हिंसा चरम पर थी। देश में पुलिस व्यवस्था काम नहीं कर रही थी। वहीं, रिपोर्ट के दूसरे हिस्से में 20 अगस्त से 31 दिसंबर 2024 के बीच की घटनाएं हैं। ये तख्तापलट के बाद उस वक्त की है, जब नई अंतरिम सरकार सत्ता संभाल चुकी थी। यानी की मनमाफिक सत्ता मिलने के बाद भी उपद्रवियों का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। उदद्रवियों के निशाने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनकी सरकार के अलावा गैर-इस्लामिक समुदाय भी थे। इसलिए सत्ता प्राप्ति के बाद इस्लामिक कट्टरपंथी धड़ों ने हिन्दुओं पर अपने हमले और तीव्र कर दिए। याद रखें कि रिपोर्ट में वही आंकड़े शामिल किए गए हैं, जिन्हें सरकार ने स्वीकार कर लिया और जिन्हें पुलिस ने अपने रिकॉर्ड में दर्ज किया है। इसलिए यह आंकड़े अंतिम नहीं है। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय समूहों को बांग्लादेश में हिन्दुओं के अत्याचारों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। बांग्लादेश में अराजक तत्वों पर लगाम लगे इसके लिए वहाँ की सरकार पर अंतरराष्ट्रीय स्तर से दबाव बनाया जाना चाहिए।

सामयिक

मध्यस्थता से भी सुलझाए विवाद

नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में उन्होंने कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दों की नजर से नहीं बल्कि एक मानवीय पहलू के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है।

'सभी विवाद अदालत, मुकदमेबाजी या यहां तक कि मध्यस्थता के लिए उपयुक्त नहीं होते। मध्यस्थता, समस्या के निवारण करने का वह तरीका है जो हमें विवाद के समाधान से कहीं अधिक उपाय प्रदान करता है।' उन्होंने कहा कि यह रचनात्मक समाधानों के द्वार खोलता है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग को चुनकर हम न केवल संघर्ष को कुशलतापूर्वक हल करते हैं, बल्कि लोगों और व्यवसायों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। सीजेआई खन्ना ने कहा कि वकील समस्या समाधानकर्ता होते हैं, जिन्हें रचनात्मक समाधान प्रदान करना होता है जो समस्या के कानूनी और मानवीय, दोनों आयामों को संबोधित करते हैं।

उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए।'

प्रधान न्यायाधीश ने सभी से लीक से हटकर सोचने और न्याय प्रदान करने को किफायती और समयबद्ध बनाने के लिए अपने दायरे को व्यापक बनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी ऐसी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनकी हमारे पूर्ववर्तियों ने शायद ही कल्पना की होगी, जैसे जलवायु परिवर्तन, जो न केवल हमारे पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय के मूल ढांचे के लिए भी खतरा है।

इतिहास में आज

स्वतन्त्रता सेनानी शरतचन्द्र बोस



शरतचन्द्र बोस (6 सितम्बर 1889 – 20 फरवरी 1950) भारत के एक स्वतन्त्रता सेनानी तथा बैरिस्टर थे। वे सुभाष चन्द्र बोस के बड़े भाई थे। वे काँग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य तथा बंगाल विधान सभा में काँग्रेस संसदीय पार्टी के नेता थे। शरत चन्द्र ने देशबन्धु चित्तरंजन दास के निर्देशन में अपने करीयर का आरम्भ किया तथा कलकत्ता निगम के कार्यों में वर्षो तक चर्चित रहे। अहिंसा में विश्वास रखने के बावजूद उनका क्रांतिकारियों के प्रति सहानुभूति का दृष्टिकोण था। वे अगस्त 1946 में केंद्र की अंतरिम सरकार में शामिल हुए। उन्होने बंगाल विभाजन का विरोध किया था।

- 1835: कलकत्ता मेडिकल कॉलेज आधिकारिक तौर पर खुला।
- 1935: कैरोलाइन मिकेल्सन ने अंटार्कटिका पर कदम रखा। पृथ्वी के उस दुर्गम छोर पर पहुंचने वाली पहली महिला बनीं।
- 1947: ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आज़ादी देने का ऐतिहासिक ऐलान किया।
- 1987: मिजोरम को भारत का 23वां राज्य घोषित किया गया।
- 2009: संयुक्त राष्ट्र ने 20 फरवरी को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की।
- 962 में आज ही के दिन जान एच ग्लेन अमेरिका के प्रथम अंतरिक्ष यात्री बने थे।
- 1947 में 20 फरवरी के दिन ही ब्रिटिश प्रधानमंत्री क्लेमेंट एटली ने भारत को आज़ादी देने के बारे में घोषणा की थी।
- 1935 में आज ही के दिन कैरोलाइन मिकेल्सन अंटार्कटिक पहुंचने वाली पहली महिला बनीं थीं।

सुनहरे शब्द

चाहत

हर व्यक्ति की चाहत होती है कि वह अपने दम पर जीवन जीने में, अपने सभी कार्य स्वयं करने में, हमेशा सक्षम रहे, किसी और पर कभी भी निर्भर ना हो क्योंकि निर्भरता हमें पराधीन बना देती है और _पराधीन सपनेहु सुख नाहीं_

●**संजय अग्रवाल**
ज्वाइंट कमिश्नर
आयकर विभाग

कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है

एआई की सौगात : संभावनाएँ और चुनौतियाँ

शाहीन सबा

एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है। एआई बड़ा संक्रामक है और देश-काल की सीमाओं को तोड़ते-फ़लांघते वह जल, थल और अंतरिक्ष हर कहीं मनुष्य की अप्रत्याशित रूप से त्वरित पहुँच का विस्तार करता जा रहा है। वैसे तो एआई भी एक नैसर्गिक यानी स्वाभाविक मानवीय बुद्धि का ही करिश्मा है परंतु आज जिस गति से सबकुछ में निर्बाध दखल देते हुए इसके ज़रिए जो बदलाव लाए जा रहे हैं वे दुनिया का नक्शा ही बदल रहे हैं। निर्माण अपने निर्माता की नियति तय करता दिख रहा है।

आज वर्चुअल और डिजिटल को इस तरह स्थापित किया जा रहा है कि उनके आगे सत्य और यथार्थ हिलने-काँपने लगा है। मनुष्य सत्य और असत्य (झूठ) पर भरोसा करता आ रहा है। सत्य अर्थात वह जिसका अस्तित्व है (सत्) परन्तु अब नाना प्रकार के सत्य अस्तित्ववान हो रहे हैं जिनमे अपनी पसंद से चुनना होता है पर जिस भी संस्करण के सत्य उभर रहे हैं उनके पीछे आ आई का हाथ ज़रूर होता है। वैसे तो किसी भी तरह के चुनाव का आधार मुख्य नियामक होता है ताकि होड़ लेते विभिन्न सत्यों के कई प्रत्याशियों के बीच असली या उपयोगी सत्य को खोज कर पहचाना जा सके। सत्य के साथ स्थिरता, निरंतरता और सातत्य या फिर अपरिवर्तनशीलता और विश्वसनीयता जैसे मानक भी स्वाभाविक रूप से जोड़ दिए जाते रहे हैं। परम और नित्य सत्य की परिकल्पना हमें ईश्वर के क़रीब पहुँचा देती है। आज जब सत्य के निर्माण की छूट मिल रही है तो उसके कई परिणाम सामने आ रहे हैं। सारी क़ानूनी मशीनरी सत्य का बाजार चला रही है। वह प्रमाण और साक्ष्य के माध्यम से मुकदमा चलने के दौरान मुल्तबी सत्य को अपने बल पर सत्य के खाँचे में फिट कर देती है। वकील और गवाह मिल कर सत्य रचते और तय करते हैं और वह जज के सत्यबोध से मेल खा जाए तो वह सुच्चा या निखालिस सच बन जाता है। यह दृष्टि सत्य की अस्थिरता या सापेक्षिकता और अन्ततः बहुलता की तरफ़ ले जाती है जिसके अच्छे-बुरे दोनों तरह के परिणाम हैं।

एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के विकास और उपयोग की दिशा में वैज्ञानिकों और तकनीकविदों ने कमाल की बढ़त हासिल की है और उनके अभियान का क्रम लगातार जारी है।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता बहुत आगे जा रही है। वह वास्तविक बुद्धिमत्ता के उपयोग के अवसरों और अभ्यासों को जिस तरह बदल रही है उससे हमारी आदतें, व्यवहार शैली और जीने का अंदाज़ सबकुछ बदलता जा रहा है। इस तरह का व्यापक नवाचार हमारी अपने बारे में समझ को भी बदल रहा है। मनुष्यता के स्वभाव, बच्चों के पालन-पोषण, पढ़ाई-लिखाई आदि मनुष्य के रूप में निर्माण जैसे जरूरी उपायों के स्वरूप को प्रभावित कर रहा है। जीवन में एआई प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हर तरफ़ उपस्थित है। पिछले कुछ दिनों में डीप फेक और साइबर अरेस्ट जैसी घटनाओं ने एआई के उपयोग के अतिरेक से पैदा हो रही तमाम मुश्किलों की ओर ध्यान आकर्षित किया है जिनका संबंध जीवन की गुणवत्ता से है। एआई की पहुंच का विस्तार या रेंज बढ़ता ही जा रहा है। निजी जीवन में उसकी दखल दुरभिसंधि, भयादोहन, अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आर्थिक घोटाले और व्यापार जगत सबको संत्रस्त करने वाला साबित हो रहा है।

एआई के उपयोग से काम में सुभीता, शीघ्रता और मात्रा को ध्यान में रखते हुए आज विभिन्न देशों में अपनी एआई की क्षमता बढ़ाने के लिए होड़ मची हुई है। भारत भी इसमें शामिल हो रहा है। औद्योगिक क्रांति जैसी क्रांति का लाभ न पाकर हम अब यह सोच रहे हैं कि एआई क्रांति से बड़ी लम्बी छलांग लगा लेंगे-यह आकर्षक पर ख़तरनाक हो सकता है। कुछ दिन पहले भारतीय मूल के नोबल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक वेंकी रामकृष्णन ने जयपुर में बोलते हुए स्पष्ट रूप से एआई की संभावनाओं के साथ इससे जुड़े बड़े ख़तरों की ओर ध्यान खींचा, शायद उससे निपटने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता काफ़ी न होगी। उसके किए समानुभूति, इतिहास और संस्कृति की समझ की भी दरकार होगी।

बिना उस व्यापक संदर्भ के हमारे समाधान छिछले, संकुचित और नुक़सानदेह हो सकते हैं। सबकुछ तकनीक विशारदों पर नहीं छोड़ा जा सकता। एआई के नैतिक और सामाजिक आयाम भी हैं।

शिक्षा में वे मानविकी और विज्ञान परौद्योगिकी दोनों को महत्व देने की वकालत कर रहे थे। तकनीकी और मानविकी के बीच की खाई पाटी जानी चाहिए। एआई का नियंत्रित उपयोग वहां हितकारी हो सकता है वहां कार्य क्षमता, उत्पादकता आदि ज़रूरी हों। हमें पूरा सच देखना होगा।

प्राचीन ऋषियों ने ऐसे ही नहीं कहा था कि स्वर्ण के ढक्कन से सत्य का मुख ढंका हुआ है- हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यासपिहितम् मुखम। अतीत से विच्छिन्न, मूलहीन सभ्यता की नई इबारत लिखने वाली सोच अधूरी है। उसके हिसाब से हम सब एक डाटा प्वाइंट होते जा रहे हैं। समाज और संस्कृति की स्मृति को मिटा देना बड़ी त्रासदी है। हमें इसके प्रति आगाह रहते हुए एआई के उपयोग को सीमित करना होगा। इसी में मनुष्य के भविष्य की गुंजाइश होगी।

(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)

डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी बदली रणनीति का संकेत दिया?

यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप की अनदेखी-ट्रंप के शांति प्रयास से यूरोपिया संघ अलग-अलग पड़ा?

रूस-यूक्रेन पीस टॉक-अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन!-पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप- पुतिन की संभावित बैठक पर लगीहुई हैं - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर सर्वविदित है कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के कैंपेन में उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हर चुनावी सभा में अनेकों वादे किए थे, जो चुनने के बाद क्रमवार,एक प्रक्रिया के तहत पूरे करते जा रहे हैं। पहले टैरिफ बढ़ाना, अवैध अप्रवासियों को निकालना अमेरिकी फर्स्ट संकल्प को आगे बढ़ाने के साथ अब रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने पर फोकस किया जा रहा है। परंतु यह किसी को उम्मीद नहीं थी कि इस पीस प्रक्रिया में यूक्रेन को ही बाहर कर दिया जाएगा? क्योंकि अभी हाल ही में यूक्रेन अमेरिका सहित कुछ अधिकारियों की सऊदीअरब के रियाद में संपन्न हुई जिसमें तीन मुद्दों पर आपसी सहमति बनी (1) यूक्रेन मुद्दे पर शांति समझौते के लिए दोनों देश टीम बनाएंगे ये टीमें लगातार बातचीत करेंगीं। (2) अमेरिका ने कहा कि बैठक का मकसद होगा युद्ध को स्थायी तौर पर खत्म करना। (3) अमेरिका ने कहा कि शांति बहाल करने की कोशिशों में किसी न किसी तरह यूक्रेन और यूरोप को भी शामिल किया जाएगा। हम ऐसा हल निकालेंगे जो युद्ध से प्रभावित हर पक्ष को स्वीकार हो। बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि बैठकों में यूक्रेन और यूरोप को शामिल ने कर ट्रंप एकला चलो की राह पर यूरोपीय संघ व यूक्रेन को नजर अंदाज कर रहे हैं,जो रेखांकित करने वाली बात है। रियाद बैठक के बाद अब सबकी नजरें ट्रंप-पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है? ।चूँकि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी रणनीति का संकेत दिया है तथा यूक्रेन में युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप की अनदेखी कर ट्रंप की शांति प्रक्रिया से यूरोप अलग-थलग पड़ा हैं? इसलिए आज हम मीडिया उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,रूस यूक्रेन पीस स्टॉक में अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन! पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप पुतिन की संभावित बैठक पर लगी हुई है । साथियों बात अगर हम रूस यूक्रेन युद्ध में ट्रंप के बदले रुख कि करें तो, यूक्रेन और रूस के बीच जारी जंग को लेकर अमेरिका का रुख डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से बदला हुआ लग रहा है। उन्होंने पिछले दिनों यह कहकर यूक्रेन समेत सभी को चौंका दिया था कि जंग के लिए कीव जिम्मेदार है। अब तक जो बाइडेन सरकार यूक्रेन का समर्थन कर रही थी और रूस को ही इस जंग की वजह बता रही थी। ऐसे में अब युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी बदली नीति का संकेत दिया है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन युद्ध के लिए कीव जिम्मेदार है। यूक्रेन में युद्ध अगले सप्ताह अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर जाएगा। इस बीच यूक्रेन और रूस के लिए अमेरिका के विशेष दूत कीव पहुंचे हैं। वह यहां राष्ट्रपति जेलेंस्की एवं सैन्य कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे। रूस को अलग-थलग करने की अपनी वर्षो पुरानी नीति में अमेरिका के बदलाव लाने के बीच के लॉग यूक्रेन का दौरा कर रहे हैं। सऊदी अरब में शीर्ष अमेरिकी और रूसी राजनयिकों के बीच वार्ता हुई थी। इसमें यूक्रेन और उसके यूरोपीय समर्थकों को दरकिनार कर दिया गया था। ट्रंप की टिप्पणियों से यूक्रेनी अधिकारियों को परेशानी हो सकती है, जिन्होंने रूसी आक्रमण से लड़ने में यूरोपीय देशों से मदद करने का आग्रह किया है। रूस-यूक्रेन युद्ध 24 फरवरी 2022 को शुरू हुआ था। इस बीच, रूसी सेना द्वारा यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्रों में लगातार किए जा रहे हमले से यूक्रेनी सेना कमजोर हो रही है, जिसे धीरे-धीरे लेकिन लगातार 1,000 किलोमीटर की अग्रिम पंक्ति में कुछ मोर्चों पर पीछे धकेला जा रहा है।बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप खुद को व्लादिमीर पुतिन का मित्र बताते रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सऊदी अरब की मध्यस्थता के साथ कोई रास्ता निकाला जा सकता है। सऊदी की अमेरिका और रूस दोनों ही देशों से करीबी है और अच्छे संबंध हैं। सऊदी अरब के रियाद में 4:30 घंटे चली बैठक में रूस-अमेरिका के विदेश मंत्रियों समेत अन्य नेता शामिल हुए थे। इस बैठक में दोनों देशों ने सबसे पहले अपने आपसी रिश्ते सुधारने की पहल की। इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था। करीब तीन साल से दूतावास बंद पड़े थे। साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर पुतिन ट्रंप व जेलेंस्कीके बयानों की करें तो, पुतिन जेलेंस्की से बातचीत करने को तैयारहैँ और कहा- पहली बैठक का मकसद यूएस -रूस के बीच भरोसा बढ़ाना था; यूक्रेन के बिना समझौता नहीं होगा। रूसी और यूक्रेनी राष्ट्रपति आखिरी बार दिसंबर 2019 में फ्रांस में मिले थे। रूसी राष्ट्रपति ने बुधवार को कहा है कि वे यूक्रेन के साथ बातचीत करने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जंग रोकने के लिए किसी भी समझौते से यूक्रेन को बाहर नहीं रखा जाएगा दरअसल मंगलवार को सऊदी अरब में हुई रूस और अमेरिका के बातचीत पर जेलेंस्की ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा कि बैठक में हमें न बुलाया जाना हैरान करने वाला है। कोई भी डील हमसे बात किए कैसे हो सकती है।रूस की एजेंसी के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस और अमेरिका के बीच भरोसा बढ़ाए बिना यूक्रेन युद्ध समेत कई मुद्दों का हल नहीं निकाला जा सकता है। रियाद में हुई बैठक का यही मकसद था।पुतिन ने ये भी कहा कि रूस ने कभी यूरोप या यूक्रेन से बात करने से इनकार नहीं किया। बल्कि यूक्रेन ही अब तक रूस से बात करने से इनकार करता आया है।पुतिन ने कहा-हम किसी पर कुछ भी नहीं थोप रहे। हम बात करने के लिए तैयार हैं। ये हम सैकड़ों बार कह चुके हैं। अगर वे राजी हैं, तो बातचीत होने दीजिए। कोई यूक्रेन को किसी समझौते से बाहर नहीं कर रहा है।इसमें सहमति बनी कि दोनों देश जल्द से जल्द अपने दूतावासों को चालू करेंगे। यहां स्टाफ की भर्ती करेंगे, ताकि दोनों देशों के बीच तनाव की स्थिति न बने। यूक्रेन जंग शुरू होने के बाद दोनों देशों ने दूतावास से स्टाफ को निकाल दिया था। करीब तीन साल से दूतावास बंद पड़े थे।पुतिन ने रूस और अमेरिका के बीच हुई बातचीत को अच्छा बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने बिना किसी पक्षपात के बातचीत में हिस्सा लिया। उन्होंने ये भी कहा कि वे ट्रम्प से मिलना चाहेंगे लेकिन इस बैठक की तैयारी करनी बाकी है। ट्रम्प ने कहा- यूक्रेन ने समाधान खोजने के लिए तीन साल का वक्त गंवाया वहीं,जेलेंस्की कीनाराजगी को लेकर ट्रम्प ने कहा कि मैं सुन रहा हूं जेलेंस्की कह रहे कि हमने बातचीत में उन्हें शामिल नहीं किया। सच तो ये है कि उनके पास बातचीत करने के लिए तीन साल का वक्त था। उससे पहले भी वे बात कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ये वक्त गंवाया।ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की को कभी युद्ध की शुरूआत करनी ही नहीं चाहिए थी। वे बहुत आसानी से डील कर सकते थे।ट्रम्प ने मंगलवार को कहा था कि यूक्रेन में जेलेंस्की की अप्रूवल रेटिंग गिरकर सिर्फ 4 पेर्सेंट रह गई है। इसके जवाब में जेलेंस्की ने कहा कि सबसे हालिया नतीजों में मुझे 58 पेर्सेंट वोट मिले हैं यानी इतने यूक्रेनी लोग मुझ पर भरोसा करते हैं। इसलिए अगर कोई मुझे सत्ता से हटाना चाहता है, तो ये अभी काम नहीं करेगा। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की तरफ से लगातार यूक्रेन को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रम्प का हम सम्मान करते हैं, लेकिन अफसोस की बात है वे गलत जानकारी के बुलबुले में जी रहे हैं। मेरी अप्रूवल रेटिंग की गलत जानकारी रूस ही अमेरिका को दे रहा है।इसे लेकर ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि जेलेंस्की एक तानाशाह हैं जो बिना चुनाव के राष्ट्रपति बने हुए हैं। वे जल्दी कदम उठाएं नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा।

साथियों बात अगर हम रूस अमेरिकी राष्ट्रपति की बैठक पर पूरी दुनियाँ की नजरों की करें तो, ट्रंप प्रशासन रूस से अलग समझौता करने की कोशिश में है, कहा जा रहा है कि अमेरिका यूक्रेन को नाटो से बाहर रखने, रूस को क्षेत्रीय रियायतें देने और भविष्य में अमेरिकी भागीदारी को सीमित करने की योजना बना रहा है? यह यूरोपीय देशों के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। यूरोपीय नेताओं के लिए अब यह तय करना अहम है कि वे अमेरिकी नीतियों के साथ कैसे तालमेल बिठाते हैं और अपनी सुरक्षा नीति को कैसे मजबूत करते हैं, फ्रांस के अखबार ले मोंद ने लिखा,यूरोप और अमेरिका के बीच ऐतिहासिक दरार उभर रही है। यूरोपीय देशों को अब खुद अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। यूरोप में अब रक्षा बजट बढ़ाने और नाटो की भूमिका को फिर से परिभाषित करने की मांग जोर पकड़ रही है।

साथियों बात अगर हम ट्रंप की बदली रणनीति से यूरोपीय संघ सख्त होने की करें तो,फ्रांस के राष्ट्रपति बुधवार देर रात तक यूक्रेन युद्ध को लेकर यूरोपीय नेताओं के साथ दूसरी मीटिंग किए, इसमें करीब 15 देशों के शामिल होने का अनुमान था। इनमें से ज्यादातर देश वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ें।दो दिन पहले ही यूक्रेन की सिक्योरिटी को लेकर एक बैठक हुई थी। इसमें ब्रिटेन, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, डेनमार्क और नीदरलैंड्स शामिल हुए थे। इसके अलावा यूरोपीय यूनियन के शीर्ष प्रतिनिधी और नाटो के सेक्रेटरी जनरल भी इसमें मौजूद थे।इस बैठक में तय किया गया था कि ये देश और संस्थाएं अपनी सुरक्षा पर ज्यादा खर्च करेंगे और यूक्रेन के भविष्य के बारे में लिए जाने वाले फैसलों में उसे शामिल करेंगे। संभावना है कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आने वाले दिनों में तीसरी मीटिंग रखेंगे।अमेरिका के राष्ट्रपति की नई नीति के बाद यूरोप में हड़कंप मचा हुआ है, फ्रांस की राजधानी पेरिस में हुई यूरोपीय नेताओं की आपात बैठक में यूक्रेन संकट पर एक राय नहीं बन पाई, ब्रिटेन और फ्रांस ने सुरक्षा गारंटी पर जोर दिया, जबकि जर्मनी ने शांति सैनिक भेजने के सुझाव को खारिज कर दिया। इस बैठक से पहले, म्यूनिख में हुए सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने यूरोपीय संघ की तीखी आलोचना की थी, यूरोपीय नेताओं को डर है कि ट्रंप प्रशासन रूस के साथ शांति वार्ता में उन्हें नजरअंदाज कर सकता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि डोनाल्ड ट्रंप ने रूस-यूक्रेन युद्ध का ठीकरा यूक्रेन पर फोड़कर अपनी बदली रणनीति का संकेत दिया यूक्रेन युद्ध पर यूरोपीय संघ के आपातकालीन शिखर सम्मेलन में ट्रंप कीअनदेखी -ट्रंप के शांति प्रयास से यूरोपिया संघ अलग-अलग पड़ा रूस-यूक्रेन पीस टॉक-अपने ही देश में जंग पर चर्चा से बाहर है यूक्रेन!-पूरे विश्व की निगाहें ट्रंप-पुतिन की संभावित बैठक पर लगीहुई हैं।

-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र
9284141425

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र
9284141425

आज दुबई की धीमी पिच पर

भारतीय टीम के सामने बांग्लादेश के स्पिनर्स की चुनौती

एजेंसी, दुबई

रोहित शर्मा की कप्तानी में हाल ही में इंग्लैंड का वनडे सीरीज़ में सूपड़ा साफ़ करने के बाद टीम इंडिया की नज़र अब चैंपियंस ट्रॉफ़ी पर है। दुबई में गुरुवार को भारत अपने अभियान का आग़ाज़ बांग्लादेश के ख़िलाफ़ करेगा। चैंपियंस ट्रॉफ़ी की मेज़बानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन भारत अपने सारे मुक़ाबले दुबई में ही खेलेगा। चैंपियंस ट्रॉफ़ी के पिछले संस्करण में भारतीय टीम ने फ़ाइनल का सफ़र तो तय किया था, लेकिन ख़िताबी भिड़ंत में बाज़ी पाकिस्तान ने मार ली थी। हालांकि तब से अब तक काफ़ी कुछ बदल चुका है। भारत फ़िलहाल चैंपियंस ट्रॉफ़ी की रनर-अप के साथ-साथ आईसीसी वनडे विश्व कप की भी उप-विजेता है। दूसरी तरफ़ परिवर्तन के दौर से गुज़र रही बांग्लादेश की टीम के लिए भी दुबई में ख़ुद को साबित करने का सुनहरा मौक़ा होगा।

दुबई स्टेडियम में अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान रोहित शर्मा

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 | मैच 2 ग्रुप ए

भारत बनाम बांग्लादेश

20 फरवरी; दोपहर 2:30 बजे

दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम

रैंक 1 | रैंक 9

वनडे में आमने-सामने

कुल मैच: **41**

भारत जीता: **32**

परिणाम नहीं: **1**

बांग्लादेश जीता: **8**

अधिकतम स्कोर

भारत: **409/8**

बांग्लादेश: **307**

KBK

हमारे पास 5 नहीं सिर्फ 2 स्पिनर बाकी तो ऑलराऊंडर हैं : रोहित

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से पहले प्रेस वार्ता में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टीम की तैयारियों पर बात की है। रोहित ने चैंपियंस ट्रॉफी पर बोलते हुए कहा कि यह 2017 के बाद यानी 8 साल बाद हो रहा है। प्रत्येक आईसीवी टूर्नामेंट महत्वपूर्ण है। यहां भी कुछ अलग नहीं है। यह सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमें ट्रॉफी अपने पास रखने के लिए बहुत सी चीजें ठीक से करनी होंगी। यही हमारा लक्ष्य होगा और हम एक समय में एक खेल के बारे में कैसे सोचते हैं। वहीं, टीम में 5 स्पिनरों के सवाल पर रोहित ने कहा कि हमारे पास सिर्फ दो स्पिनर ही हैं। बाकी 3 ऑलराउंडर हैं। दूसरों के पास सीम बॉलिंग ऑलराउंडर हैं लेकिन हमारे पास 3 हैं। वे खेल को अलग आयाम देते हैं।

दुबई की पिच का पेंच

दुबई में हाल ही में इससे पहले। एलटी 20 प्रतियोगिता खेली गई थी – और उन्हीं पिचों पर भारत के मुक़ाबले खेले जाने हैं। लिहाज़ा ऐसा माना जा रहा है कि ये पिच धीमी रहेगी। साथ ही साथ दुबई में मुक़बला स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे से शुरू होंगे, इसका मतलब ये हुआ कि ओस का असर बहुत ज़्यादा मैच पर नहीं पड़ता दिख रहा।

संभावित टीम

भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जाडेजा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह/हर्षित राणा, कुलदीप यादव/वरुण चक्रवर्ती

बांग्लादेश : सौम्य सरकार, तंज़िद हसन, नजमुल शान्तो (कप्तान), मेहदी हसन मिराज़, तौहीद हृदोय, मुशफ़िकुर रहीम, महमुदउल्लाह, जाकेर अली (विकेटकीपर), रिशाद हुसैन, नाहिद राणा/तस्कीन अहमद, मुस्तफ़िज़ुर रहमान

पहले ही मुकाबले में हारा पाकिस्तान, न्यूज़ीलैंड ने 60 रन से हराया, यंग-लैथम के शतक, ओरूर्क-सैंटनर को 3-3 विकेट

न्यूज़ीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में किया विजयी आगाज

लाथम 118 रनों की पारी में 10 चौके व 3 छक्के लगाकर नाबाद रहे

मैन ऑफ द मैच टॉम लाथम

यंग ने ठोका शतक

हारिस रऊफ ने 17वें ओवर में मिचेल को शाहीन शाह अफरीदी के हाथों कैच आउट कराया। मिचेल ने 24 गेंदों पर 10 रन बनाए। इसके बाद यंग को टॉम लाथम का साथ मिला। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 118 रनों की पार्टनरशिप हुई। नसीम शाह ने एक बाद फिर पाकिसतन की वापसी कराई और यंग को पवेलियन भेजा। यंग ने 113 गेंदों का सामना किया और 107 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 1 छक्का लगाया।

एजेंसी, कराची

चैंपियंस ट्रॉफी के पहले ही मुकाबले में पिछले सीजन की विनर पाकिस्तान को करारी हार झेलनी पड़ी है। मेजबान टीम को न्यूजीलैंड ने 60 रनों से हराया। बुधवार को 321 रन का टारगेट चेज कर रही पाकिस्तान की टीम 47.2 ओवर में 260 रन पर ऑलआउट हो गई। विलियम ओरूर्क और मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट झटके। 2 विकेट मैट हेनरी को मिले। कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान ने बॉलिंग चुनी। न्यूजीलैंड ने 5 विकेट पर 320 रन बनाए। न्यूजीलैंड से विल यंग ने 107, टॉम लैथम ने 126 और ग्लेन फिलिप्स ने 54 रन बनाए। पाकिस्तान से नसीम शाह ने 2 विकेट लिए। 1-1 विकेट अबरार अहमद और हारिस रऊफ को भी मिला। 42वें ओवर में खुशदिल शाह ने फिफ्टी पूरी कर ली है। खुशदिल ने विलियम ओरूर्क के ओवर में लगातार दो चौके जमाए। इस ओवर से 13 रन आए। पाकिस्तान की ओर से खुशदिल शाह (69 रन) और बाबर आजम (64 रन) ने अर्धशतक बनाए। सलमान अली आगा ने 42 और फखर जमान ने 24 रन की पारियां खेलीं।

टॉम लाथम ने 95 गेंदों पर जड़ा शतक

ओपनिंग पर विल यंग के साथ डेवोन कॉनवे आए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 39 रन जोड़े। कॉनवे 10 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद केन विलियमसन भी 1 रन बनाकर चलते बने। विल यंग का डेरिल मिचेल ने साथ दिया लेकिन 17वें ओवर में हारिस रऊफ ने स्ट्राइक की और उन्हें 10 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तभी विल यंग ने अपना अर्धशतक पूरा किया। वह काफी विश्वास के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे। इसके चलते वह 108 गेंदों पर 11 चौके और एक छक्के की मदद से अपना शतक पूरा करने में सफल रहे। इस दौरान टॉम लैथम ने भी अर्धशतक जड़ा। यंग 107 रन बनाकर 38वें ओवर में आऊट हुए। इसके बाद लैथम ने एक छोर संभाला और ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर स्कोर 250 पार पहुंचाया। आखिर लैथम ने भी 95 गेंदों पर शतक जड़ दिया। लैथम ने जैसे ही शतक लगाया ग्लेन फिलिप्स सक्रिय हो गए। उन्होंने विकेट के चारों ओर शॉट लगाए। आखिर में टॉम लैथम ने 118 तो ग्लेन फिलिप्स ने 61 रन बनाकर टीम का स्कोर 320 तक पहुंचा दिया। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ सबसे महंगे गेंदबाज रहे।

पाकिस्तान की धीमी शुरुआत

321 रन चेज करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत काफी धीमी रही। टीम ने 10 ओवर में 22 रन बनाए थे और 2 विकेट गंवा दिए थे। बाबर आजम और खुशदिल शाह के अलावा किसी का बल्ला नहीं चला। बाबर ने 90 गेंदों पर 64 रन बनाए। वहीं शाह ने 49 गेंदों पर 69 रन ठोक दिए। साउद शकील ने 6, कप्तान रिजवान ने 3 और फखर जमान ने 24 रन की पारी खेली।

ताहिर ने बनाया 1 रनः उपकप्तान सलमान अली आगा अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 28 गेंदों पर 42 रन ठोक दिए। तैयब ताहिर ने 1 शाहीद अफरीदी ने 14, तेज गेंदबाज नसीम शाह ने 13 रन और हारिस रऊफ ने 19 रन बनाए। कीवी कप्तान मिचेल सेंटनर और विलियम ओ'रूर्के ने 3-3 विकेट चटकाए। उनके अलावा मैट हेनरी ने 2 और माइकल ब्रेसवेल-नाथन स्मिथ ने 1-1 शिकार किया।

शतक लगाने के बाद विल यंग

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड	रन	बॉल	4s	6s
विल यंग कै अशरफ बो नसीम	107	113	12	1
डेवोन कॉनवे बोल्ड अबरार	10	17	2	0
विलियमसन कै रिजवान बो नसीम	1	2	0	0
मिचेल कै शाहीन बो हारिस	10	24	0	0
टॉम लाथम नाबाद	118	104	10	3
ग्लेन कै फखर बो रऊफ	61	39	3	4
माईकल ब्रेसवेल नाबाद	0	1	0	0

कुल : 320/5 (50)

गेंदबाजी: शाहीन अफरीदी (10-0-68-0), नसीम शाह (10-0-63-2), अबरार अहमद (10-0-47-1), हारिस रऊफ (10-0-83-2), खुशदिल शाह (7-0-40-0), आगा सलमान (3-0-15-0)

पाकिस्तान	रन	बॉल	4s	6s
सऊद कै हेनरी बो विलियम	6	19	0	0
बाबर कै केन बो सैंटनर	64	90	6	1
रिजवान कै फिलिप्स बो रूर्की	3	14	0	0
फखर जमान बोल्ड ब्रेसवेल	24	41	4	0
आगा कै माईकल बो नेथन	42	28	6	1
तैय्यब कै केन बो सैंटनर	1	5	0	0
खुशदिल कै माईकल बो विलियम	69	49	10	1
शाहीन कै टॉम बो हेनरी	14	13	0	1
नसीम बोल्ड मैट हेनरी	13	15	0	1
हारिस कै डैरेल बो सैंटनर	19	10	0	3
अबरार अहमद नाबाद	0	0	0	0

कुल :260/10 (47.2)

गेंदबाजी: मैट हेनरी (7.2-1-25-2), विलियम ओ रूर्की (9-0-47-3), माईकल ब्रेसवेल (10-1-38-1), ग्लेन फिलिप्स (9-0-63-0), मिचेल सैंटनर (10-0-66-3), नेथन ग्रेगरी स्मिथ (2-0-20-1)

भोपाल मेजबान मप्र अंडर - 17 में बना विजेता

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी सीनियर नेशनल कबड्डी अंडर-19 में रजत

भोपाल

इंडियन कबड्डी फेडरेशन के तत्वाधान में मध्यप्रदेश कबड्डी एसोसिएशन के द्वारा 5वी जूनियर & सीनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, कोलार रोड भोपाल मे किया गया। जिसमें भारतवर्ष के विभिन्न 12 राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें महाराष्ट्र, विदर्भ, पांडिचेरी, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, मध्य भारत तथा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी इत्यादि टीमे शामिल थी। जिसमें अंडर 19 पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पांडिचेरी ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी को 25/18 से हराकर खिताब जीता एवं महाराष्ट्र तृतीय स्थान पर रहा। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग मे मध्यप्रदेश विजेता तथा विदर्भ उपविजेता एवं महाराष्ट्र तृतीय स्थान पर रहा।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पंकज कुमार जैन स्पोर्ट्स डायरेक्टर एलएनसीटी ग्रुप, नरेंद्र अहीरे सचिव इंडियन कबड्डी फेडरेशन, शिवाजी वाबले सह सचिव एवं टेक्निकल डायरेक्टर एवं दत्ताना जी द्वारा विजेता उपविजेता एवं ततीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमो के खिलाड़ियों को मेडल ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एलएनसीटी द्वारा उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं विभिन्न राज्यों से आए कोच, मैनेजर एंव ऑफिशल्स को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मैं अपने क्रिकेट कॅरियर के बाकी साल एक बच्चे की तरह लुत्फ उठाना चाहता हूं : धोनी

मुंबई। छह साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग से फिलहाल संन्यास नहीं ले रहे और उनका कहना है कि वह बच्चे की तरह क्रिकेट खेलने का लुत्फ उठाना चाहते हैं। भारत को वनडे विश्व कप (2011), टी20 विश्व कप (2007) और चैम्पियंस ट्रॉफी (2013) खिताब दिलाने वाले 43 वर्ष के पूर्व कप्तान ने आखिरी बार जून 2019 में अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। आईपीएल में वह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हैं और 5 साल से अधिक समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से विदा लेने के कारण अब वह 'अनकैप्ड' (जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलता हो) खिलाड़ी के तौर पर खेलेंगे।

एलबीएस क्रिकेट अकादमी ने एक ही दिन में क्वार्टर और सेमीफाइनल जीता

चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद टी20 कप प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया

भोपाल

एलबीएस क्रिकेट क्लब ने आज चतुर्थ सैयद शकील मोहम्मद T20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दो मैच खेले पहला मैच क्वार्टर फाइनल उज्जैन के विरुद्ध खेला जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 200 रन का लक्ष्य उज्जैन संभाग को दिया सचिन यादव ने 60 रन बनाए वैभव शर्मा ने 60 रन बनाए यथार्थ सिंह ने 37 रन बनाए उज्जैन डिविजन की टीम 20 ओवर में 176 रन पर अलाउड हो गई यथार्थ सिंह ने चार ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट लिए विवेक शर्मा ने चार ओवर में 42 रन देखकर तीन विकेट लिए एलबीएस शास्त्री ने 24 रन से इस मैच को जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया इस मैच की मैन ऑफ द मैच यथार्थ सिंह घोषित किए गए सेमीफाइनल मैच भी आज ही के दिन नर्मदा पुरम के विरुद्ध एलबीएस ने खेलते हुए टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 186 रन का लक्ष्य रखा जिसमें सचिन यादव ने 50 रन यथार्थ सिंह ने 36 रन वैभव शर्मा ने 35 रन का योगदान दिया नर्मदा पुरम की टीम 20 ओवर में 160 रन पर अलाउड हो गई।

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के ट्रॉफी लॉन्च

22 फरवरी से 3 शहरों में खेला जाएगा टूर्नामेंट इंडिया मास्टर्स की कप्तानी करेंगे तेंदुलकर

एजेंसी, नई दिल्ली

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) के ट्रॉफी को बुधवार को डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय परिसर में लॉन्च किया गया। इस अवसर पर भारत के क्रिकेट आइकन और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के साथ श्रीलंका के कुमार संगकारा, वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा, इंग्लैंड के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन और दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स उपस्थित थे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से शुरू होगी और फाइनल मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इस लीग में सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया मास्टर्स की टीम में युवराज सिंह, सुरेश रैना, अंबाती रायडू सहित कई बड़े नाम नजर आने वाले हैं।

3 वेन्यू पर होंगे मुकाबले

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के सभी मुकाबले 3 मैदानों पर ही खेले जाएंगे। मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम, वडोदरा का रिलायंस स्टेडियम और रायपुर का शहीर वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का नाम शामिल है।

6 टीमों के बीच खेला जाएगा टूर्नामेंट

इंडिया मास्टर्सः सचिन तेंदुलकर (कप्तान), युवराज सिंह, सुरेश रैना, अंबाती रायडू, यूसुफ पठान, इरफान पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, धवल कुलकर्णी, विनय कुमार, शाहबाज नदीम, राहुल शर्मा, नमन ओझा, पवन नेगी, गुरकीरत सिंह मान, अभिमन्यु मिथुन

श्रीलंका मास्टर्सः कुमार संगकारा (कप्तान), रोमेश कालुविथराना, अशान प्रियंजन, उपुल थरंगा, नुवान प्रदीप, लाहिरू थिरिमाने, चिंताका जयसिंघे, सीकुगे प्रसन्ना, जीवन मेंडिस, इसुरु उदाना, धम्मिका प्रसाद, सुरंगा लकमल, दिलरुवान परेरा, असेला गुणरत्ने, चतुरंगा डी सिल्वा

वेस्टइंडीज मास्टर्सः ब्रायन लारा (कप्तान), क्रिस गेल, किर्क एडवर्ड्स, लेंडल सिमंस, नरसिंह देवनारिन, एशले नर्स, ड्वेन स्मिथ, चैडविक वाल्टन, दिनेश रामदीन, विलियम्स पर्किन्स, फिडेन एडवर्ड्स, जेरोम टेलर, रवि रामपॉल, सुलेमान बेन, टीनो बेस्ट

ऑस्ट्रेलिया मास्टर्सः कैलम फर्ग्यूसन, नाथन रियरडन, शॉन मार्श, बेन कटिंग, डैन क्रिश्चियन, शेन वॉटसन, बेन डंक, पीटर नेविल, बेन हिल्फेनहास, बेन लॉफलिन, ब्राइस मैकगेन, जेम्स पैटिंसन, जेसन क्रेजा, नाथन कूल्टर-नाइल, जेवियर डोहर्टी

इंग्लैंड मास्टर्सः इयोन मोर्गन (कप्तान), इयान बेल, केविन पीटरसन, डैरेन मैडी, दिमित्री मैस्करेनहास, टिम ब्रेसनन, फिल मस्टर्ड, टिम एम्ब्रोस, बॉयड रैंकिन, क्रिस स्कोफिल्ड, क्रिस ट्रेमलेट, मोंटी पनेसर, रयान साइडबॉटम, स्टीव फिन, स्टुअर्ट मीकर

साउथ अफ्रीका मास्टर्सः अल्विरो पीटरसन, फरहान बेहार्डियन, हाशिम अमला, हेनरी डेविड्स, जैक्स रूडोल्फ, जोंटी रोड्स, जैक्स कैलिस, जेपी डुमिनी, वर्नोन फिलेंडर, डेन विलास, मोर्ने वान विक, एडी लेई, गार्नेट क्रूगर, मखाया एनतिनी, थांडी तशबालाला

व्यापार समाचार

एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं एनडीडीबी के बीच होगा सहकारिता अनुबंध निष्पादन

मप्र सांची डेयरी का प्रबंधन और संचालन एनडीडीबी को 25 फरवरी को सौंपा जाएगा

व्यापार प्रतिनिधि, भोपाल

राजधानी में 24 और 25 फरवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट होने जा रही है। इसमें देश और विदेश के बड़े उद्योगपति शामिल होंगे, जो मध्यप्रदेश में निवेश के लिए उत्सुक हैं। वहीं जीआईएस के दौरान ही मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और नेशनल डेरी डेवलपमेंट बोर्ड यानि एनडीडीबी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। पशुपालन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादक किसानों और उपभोक्ताओं के हितों को देखते हुए सांची के 6 प्लांटों का एनडीडीबी के साथ संचालन को लेकर अनुबंध किया जाना है। इस एमओयू को लेकर

केंद्रीय मंत्री की मौजूदगी में एमओयू

इस अनुबंध के तहत मध्यप्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन और उससे जुड़े दुग्ध संघों का प्रबंधन और संचालन का जिम्मा अगले 5 साल के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को सौंपा जाएगा। यह एमओयू जीआईएस के दूसरे दिन होगा। 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीआईएस का शुभारंभ करेंगे जबकि केंद्रीय सहकारिता एवं गृह मंत्री अमित शाह 25 फरवरी को इसके समापन समारोह में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव ने अमित शाह की भोपाल में मौजूदगी को देखते हुए एनडीडीबी और सांची के बीच एमओयू की तारीख फाइनल कर दी है। अब 25 फरवरी को ही दोनों के बीच अनुबंध होगा।

एसएमएफजी इंडिया ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

मुंबई। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही।

यूएई में ऑनलाइन बिकेगा कैम्पा, 'नून मिनट्स' 15 मिनट में करेगा डिलीवरी

एजेंसी, बेंगलुरु

रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड का ब्रांड कैम्पा अब यूएई के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'नून मिनट्स' पर भी उपलब्ध होगा। यूएई के ग्राहकों को कैम्पा की डिलीवरी 15 मिनट से भी कम समय में मिलेगी। कंपनी का दावा है कि यह रणनीतिक सहयोग 'नून मिनट्स' के पेय पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। कंपनी ने कैम्पा को यूएई के बाजारों में उतारने की घोषणा की थी। अली काफिल-हुसैन, चीफ ऑफ स्टाफ, नून ने कहा कि नून मिनट्स ग्राहकों को उनके पसंदीदा उत्पाद तुरंत पहुंचता है। कैम्पा हमारे पोर्टफोलियो को मजबूत करेगा। हम इस पेय को यूएई में लाने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह साझेदारी एक मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि अधिक से अधिक लोग तेज़ी से कैम्पा का आनंद उठा सकें।

हमारा मिशन है ग्राहकों तक कहीं अधिक तेजी से बेहतरीन उत्पाद पहुंचाना। रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सीओओ केतन मोदी ने कहा कि हम नून मिनट्स के साथ कैम्पा की विशेष साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। हम यूएई में अपनी उपस्थिति बढ़ाते जा रहे हैं और ई-कॉमर्स अधिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने की हमारी रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनोवेशन और मजबूत लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए मशहूर नून, यूएई में उपभोक्ताओं तक कैम्पा की रेंज को आसानी से पहुंचाने के लिए एक आदर्श भागीदार है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर कैम्पा कोला, कैम्पा लेमन और कैम्पा ऑरेंज उपलब्ध होंगे। यह विशेष रूप से नून मिनट्स के नून सुपरऐप के माध्यम से ग्राहकों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- (LOKTANTRAKISHAAN@GMAIL.COM

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK